● जयपुर, रविवार, 30 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 302 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित



पेज @4 मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का हुआ आयोजन मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त...
पेज @4 जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में जिला स्तरीय मिलेट...
पेज @8 » सीएम आनलाइन करेंगे 65 लाख से अधिक किसानों को...



# भारत दूसरी बार बना टी20 वर्ल्ड चैंपियन

## रोहित-विराट का सपना पूरा, दक्षिण अफ्रीका ने फिर किया 'चोक'

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारत एक बार फिर क्रिकेट का वर्ल्ड चैंपियन बन गया है. भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी जीत ली है. भारत ने 11 साल बाद कोई आईसीसी ट्रॉफी जीती है. इस जीत के साथ ही चोकर्स का टैग हटाने की दक्षिण अफ्रीका की कोशिश नाकाम रही. भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी. यह टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में पहला मौका है, जब किसी टीम ने बिना कोई मैच हारे ट्रॉफी जीती है.

### ● भारत का चौथा वर्ल्ड कप

भारत ने टी20 वर्ल्ड कप दूसरी बार जीता है. पहली बार 2007 में एमएस धोनी की टीम ने भारत को इस फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनाया था. भारतीय टीम वनडे वर्ल्ड कप भी जीत चुकी है. पहली बार 1983 और दूसरी बार 2011 में. विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों दूसरी बार वर्ल्ड कप विनिंग टीम के सदस्य हैं. 2007 की टी20 वर्ल्ड चैंपियन टीम में रोहित शर्मा थे, लेकिन कोहली नहीं थे. साल 2011 की चैंपियन टीम में कोहली साथ थे, पर रोहित नहीं थे.

### ● पंड्या ने आखिरी ओवर में दिलाई जीत

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल शनिवार को बारबाडोस में खेला गया. भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट पर 176 रन बनाए. इसके बाद दक्षिण अफ्रीका को 169 रन पर रोककर ट्रॉफी अपने नाम कर ली. दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए आखिरी ओवर में 16 रन बनाने थे. हार्दिक पंड्या ने अफ्रीकी टीम को इस ओवर में स्िर्फ 8 रन बनाने दिए. इस तरह तरह भारत ने 7 रन से मैच जीत लिया.

### ● भारत ने 34 रन पर 3 विकेट गंवाए

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया. यह फैसला तब गलत साबित होने लगा जब भारत ने 34 रन पर 3 विकेट गंवा दिए. रोहित शर्मा 9, सूर्यकुमार यादव 3 और ऋषभ पंत बिना खाता खोले आउट हो गए. इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर प्रमोट किया. यह दांव चल गया. अक्षर ने 31 गेंद पर 47 रन की पारी खेली. उन्होंने इस पारी में 4 छक्के और एक चौका लगाया.

### विराट ने आखिर तक संभाला मोर्चा

अक्षर पटेल की इस पारी ने विराट कोहली को वह साथी दे दिया, जिसका उन्हें इंतजार था. कोहली ने एक छोर संभाले रखा और 59 गेंद पर 76 रन की पारी खेली. उन्होंने इस दौरान अक्षर के साथ 72 रन की साझेदारी कर भारत को 100 रन के पार पहुंचाया. कोहलीपरिस्थिति के अनुरूप अपने खेल को बदलते रहे. उन्होंने शुरुआत में मार्को यानसेन के एक ओवर में 3 चौके मारे. जब भारत ने जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए तो कोहली ने अपना खेल बदल दिया. उन्होंने तब एक छोर संभाला और भारत को 100 रन के पार पहुंचाया. विराट ने फिफ्टी पूरी करने के बाद फिर तेजी से रन बनाए. विराट 19वें ओवर में जब आउट हुए तो 163 रन हो चुका था.

### हेंड्रिक्स-मार्करम 4-4 रन बनाकर आउट

177 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही. ओपनर रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडेन मार्करम 4-4 रन बनाकर आउट हो गए. जल्दी विकेट लेने की भारत की खुशी तब काफूर होने लगी जब क्विंटन डिकॉक और ट्रिस्टन स्टब्स क्रीज पर डट गए. इन दोनों की जोड़ी नौवें ओवर में अक्षर पटेल ने तोड़ी. उन्होंने स्टब्स (31) को क्लीन बोल्ड कर दिया. हालांकि, स्टब्स के आउट होने के बाद भी भारत को सुकून नहीं मिला. हेनरिक क्लासेन ने आते ही पलटवार किया और डिकॉक के साथ मिलकर अपनी टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया.



### ● अर्शदीप सिहं ने दिलाई चौथी कामयाबी

अर्शदीप सिहं ने डिकॉक (39) को आउट कर भारत को चौथी कामयाबी दिलाई. डिकॉक जब आउट हुए तब दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 106 रन था. हालांकि, दक्षिण अफ्रीका इसके बावजूद लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ता रहा. हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर अपनी टीम को 151 के स्कोर तक ले गए.

### ● बुमराह ने यानसेन को चलता किया

एक समय दक्षिण अफ्रीका जीत के बेहद करीब था. उसे जीत के लिए 24 गेंद पर 26 रन चाहिए थे और हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर क्रीज पर थे. 17वें ओवर की पहली गेंद पर हार्दिक ने क्लासेन को पंत के हाथों कैच करवा दिया. इस विकेट के बाद तो भारतीय खिलाड़ी घायल शेर की तरह शिकार पर टूट पड़े. 18वें ओवर में बुमराह ने यानसेन को आउट भारत की मैच पर पकड़ मजूत कर दी. 19वें ओवर में अर्शदीप विकेट नहीं ले सके, लेकिन उन्होंने सिर्फ 4 रन खर्च किए. इससे अफ्रीकी टीम पर दबाव बढ़ गया.

## कोहली के बाद कप्तान रोहित ने भी किया टी20 वर्ल्ड क्रिकेट से संन्यास का ऐलान

कप्तान रोहित ने किया टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप जीतने के बाद विराट कोहली की तरह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को यह कहकर अलविदा कह दिया कि यह विदा लेने का सही समय है. कोहली ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में सात रन से मिली जीत के बाद इस प्रारूप से विदा ली. ''यह मेरा भी आखिरी मैच था और विदा लेने का यह एकदम सही समय है. मैं हर हालत में खिताब जीतना चाहता था. इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता.'' उन्होंने कहा ,'' मैं यही चाहता था और यह हो गया. मैं अपने जीवन में इसके लिये बहुत बेताब था. खुशी है कि इस बार हम जीत सके.''

## पीएम मोदी बोले- भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है

### अमित शाह ने कहा- देश के लिए ग्लोरियस मोमेंट

नई दिल्ली/एजेंसी

भारत ने टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया है. भारतीय क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को दिलचस्प फाइनल मुकाबले में 7 रनों से हरा दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया को बधाई देते हुए कहा कि हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है. वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने भी टीम इंडिया को बधाई देते हुए कहा कि देश के लिए यह महान गौरव का क्षण है. टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर टीम इंडिया को बधाई दी है. पीएम मोदी ने कहा, 'चैंपियंस हमारी टीम ने टी20 वर्ल्ड कप को अपने ही अंदाज में अपने नाम किया है. उसे अपने घर लाया है. हमें इंडियन क्रिकेट टीम पर गर्व है. यह मैच ऐतिहासिक था.'
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी टी20 विश्व कप विजेता टीम इंडिया को बधाई दी है. उन्होंने पर पोस्ट कर कहा कि यह देश के लिए गौरवशाली पल है. उन्होंने लिखा, 'वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया को बहुत बहुत बधाई. यह हमारे देश के लिए गौरवशाली पल हैं. हमारे प्लेयर्स ने पूरे टी20 वर्ल्ड कप में जबरदस्त टीम स्पिरिट और खेल भावना का परिचय दिया. पूरा देश उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर गौरवान्वित है. वेल डन.'



### » पंड्या ने आखिरी ओवर में लिया मिलर का विकेट

हार्दिक पंड्या जब मैच आखिरी ओवर लेकर आए तो दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 16 रन की जरूरत थी और क्रीज में डेविड मिलर और केशव महाराज थे. पंड्या ने पहली ही गेंद पर मिलर को लॉन्गऑफ पर कैच करवाया. सूर्या ने इस कैच को इतने बेहतरीन अंदाज में लिया कि अगर यह कहें कि यह विकेट पंड्या से ज्यादा उन्हीं का था तो गलत नहीं होगा. मिलर के आउट होते ही दक्षिण अफ्रीका हौसला हार गया और 5 गेंद बाद मैच भी हार गया.



## विराट कोहली ने किया संन्यास का ऐलान, कहा- ये मेरा आखिरी टी20कथा

नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताब जीतकर पूरी दुनिया में टीम इंडिया के चाहने वालों को बड़ा गिफ्ट दिया. साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले में भारत ने 7 रन से जीत दर्ज की. इस मुकाबले को जीतने के बाद टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास की घोषणा कर दी. पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम लड़खड़ाई गई थी. किंग कोहली ने 59 गेंद पर 76 रन की पारी खेल स्कोर 7 विकेट पर 176 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. विराट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.
आईसीसी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए ट्रॉफी को अपने नाम किया. रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलने उतरी टीम इंडिया ने दुनियाभर में भारतीय टीम के चाहने वालों का सपना पूरा किया.

# विश्व को वृक्ष-वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता

वातावरण में तनाव है। पृथ्वी का ताप बढ़ रहा है। सभी जीव व्यथित हैं। प्रकृति में अनेक जीव हैं। सब शुद्ध प्राण वायु पर निर्भर हैं। प्राण वायु का मुख्य स्रोत वनस्पतियां हैं। भारतीय राष्ट्रजीवन में वनस्पतियां, औषधियां देवता की श्रेणी में हैं। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि वृक्षों की उपासना होती है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, "पीपल का वृक्ष मैं ही हूं।" भारत की तरह दुनिया के किसी भी अन्य देश, संस्कृति व सभ्यता में वनस्पतियों और वृक्षों को नमस्कार नहीं किया गया। वनस्पतियों के कारण पर्यावरण शुद्ध रहता है। दुर्भाग्य से सारी दुनिया में वन क्षेत्र घटा है। भूमण्डलीय ताप बढ़ा है। वर्षा चक्र गड़बड़ाया है। यहां भारत में वैदिक काल से लेकर पुराण और महाभारत में वनस्पतियों और वृक्षों को विशेष आदर के साथ याद किया गया है। उन्हें देवता जाना गया है। हिन्दू मन वृक्ष वनस्पति की कटान पर आहत होता है।

विकास का आधुनिक माडल वनस्पति प्रेमी नहीं है। विश्व को वृक्ष वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता है। वृक्ष बोलते हैं संभवत:। सुनते अवश्य हैं। उनसे वार्ता करना आनंद का अनुभव है। एक शोध के अनुसार जिस पौधे से प्रेमपूर्ण वार्ता होती है, वह जल्दी बढ़ता है। पौधों को ध्यान और प्रेम से देखने वाले प्रसन्न रहते हैं। पेड़ पौधे आपस में भी बातें करते होंगे। वे वृक्ष प्रेमी को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे कुल्हाड़ी लेकर आने वाले 'पेड़ कटवा' को देखकर सहम जाते हैं। गहन उदास होते हैं। वृक्ष वनस्पति हमारे परिजन हैं। इन्हें खिलने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। बीज से वृक्ष, वृक्ष से फूल और फूलों से बीज का वर्तुल पूरा होना चाहिए। वनस्पतियां ढेर सारी हैं लेकिन सोम वैदिक पूर्वजों की सर्वाधिक प्रिय वनस्पति है। ऋषियों ने सोम को बहुत बड़ा देवता बताया है। ऋग्वेद के नवें मंडल में 144 सूक्त हैं। इन सभी सूक्तों के देवता सोम हैं। ऋग्वेद में सोम का अनेक प्रसंगों में उल्लेख है। सोम को सारी वनस्पतियों का राजा भी कहा गया। (9.114.2) सोम वनस्पति से रस निकाला जाता था। वैदिक अभिजन सोम को स्फूर्ति प्रदान करने वाला पेय मानते थे। सोमरस का प्रयोग पीने के लिए तो किया ही जाता था। यज्ञ में इस रस की आहुतियां भी दी जाती थीं। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय भी था। पूर्वज मानते थे कि सोमरस पीने से मनुष्यों को अमृत्व की प्राप्ति होती है। आर्यों की ईरानी शाखा में 'होम' वनस्पति की चर्चा है।

पारसियों के धर्मग्रंथ अवेस्ता में सोम को होम लिखा गया है। पूर्वज सैकड़ों वर्ष पहले वनस्पतियों के गुण धर्म से परिचित थे। ऋग्वेद में औषधि विज्ञान संबंधी एक सूक्त के देवता औषधि हैं। ऋषि कहते हैं, "हे औषधियों आपके सहस्त्रों नाम हैं। सहस्त्रों अंकुर हैं। आप हमें आरोग्य दें।" वे औषधियों की रोग निवारक शक्ति की तुलना घोड़े की शक्ति से करते हैं। स्तुति है, "आप गतिशील घोड़े की तरह रोगों को तेजी से दूर करती हैं। आप हमें सुख दें।" खास बात यह है कि वे औषधियों को माता बताते हैं। कहते हैं कि, "आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें।" वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं।" कवि को विश्वास है कि, "औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं।" अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद का एक पूरा सूक्त औषधियों पर ही है। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां लाल रंग की हैं। कुछ श्वेत हैं। कुछ भूरी हैं। कुछ काली हैं। कुछ कई रंगों वाली हैं। पृथ्वी माता हैं। आकाश पिता हैं। औषधियां भी इसी परिवार की हैं। ऋषि कहते हैं कि, "औषधियों के पिता आकाश हैं।" यहां औषधियां वनस्पतियां माता पृथ्वी व पिता आकाश की परिजन हैं।

रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि, "जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्षमा रोग दूर करें।" कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, "क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।" वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं। आम महुआ आमला रसपूर्ण है। आमला युवा बने रहने का रसायन है। औषधियां, वनस्पतियां अनेक प्रकार की हैं। कहते हैं, "गुच्छों वाली, एक कोंपल वाली और अनेक शाखाओं वाली औषधियों का आवाहन करते हैं।" प्रत्येक जीव में रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसे रोग निरोधक क्षमता कहते हैं। अथर्ववेद में स्थान के आधार पर भी औषधियों के भेद किए गए हैं। एक मंत्र (8.7.17) में कहते हैं, "अंगिरा द्वारा विवेचित औषधियां पर्वतीय क्षेत्रों व समतल मैदानों में उगती हैं। वे हृदय को सुख शांति देती हैं।" कुछ औषधियों को अमर भी बताया गया है। औषधियां जीव रक्षक हैं। वैदिक काल के समाज को पिछड़ा बताने वाले नोट करें। वैदिक काल के मनीषी ज्वर की आवृत्ति से परिचित थे। ऋषि कहते हैं, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़ कर आते हैं, कुछ 2 दिन बाद और कुछ बिना निश्चित समय के ही आते हैं। ऋषि की इच्छा है कि, "ऐसे ज्वर आलसी लोगों के पास चले जाएं।" वैदिक समाज में कर्म प्रधानता है। आलसी की भर्त्सना है। ज्वर और भी कई प्रकार के होते हैं। कहते हैं, "तपाने वाले, हिलाने वाले, भड़काने वाले, ठण्ड के साथ आने वाले और दुर्बल करने वाले ज्वर को हमारा नमस्कार है।" यहां नमस्कार ज्वर को दूर भगाने के लिए किया गया है। ज्वर अकेला नहीं होता। इसका अपना परिवार है। अथर्ववेद में कहते हैं, "ज्वर अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी उसकी बहन है। वह बहन के साथ आता है। यक्षमा इसका भतीजा है।" बीमारियों की व्याख्या रिश्तों में करना मजेदार है।

एक प्रतिष्ठित वनस्पति है गुग्गल। आधुनिक आयुर्विज्ञान इसे रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि मानते हैं। बताते हैं कि गुग्गल के प्रयोगकर्ताओं के पास कोई रोग नहीं आते। एक मंत्र में पील व जटामांसी को महत्वपूर्ण औषधि बताया गया है। औषधियां प्राणरक्षक हैं। प्राण से ही औषधियां लहराती हैं। मेघों का वर्षा करना प्राण का चमत्कार है। एक सुंदर सूक्त में कहते हैं कि प्राण औषधियों के समक्ष गर्जन करते हैं। औषधियां शक्तिशाली होती हैं। प्राण औषधियों पर जल वर्षा करता है। औषधियां प्रसन्न होती हैं। प्राण ही रोग व मृत्यु के कारण हैं। कहते हैं कि, "तब अथर्वा द्वारा रोपित अंगिरा वंशजों व मनुष्यों द्वारा निर्मित औषधियां प्रकट होती हैं।" एक वनस्पति पीपली है। अथर्वा के रचे सूक्त में पीपली स्वयं ही बोलती है, "जिस प्राणी द्वारा हमारा सेवन किया जाएगा वह कभी नष्ट नहीं होगा।" वनस्पतियों के अपने आकर्षक रंग रूप हैं। तमाम वनस्पतियां रोगोपचार के लिए औषधियां भी हैं। वनस्पतियां औषधियां वैदिक काल के पहले से ही प्रणम्य हैं। अथर्ववेद के एक सुंदर सूक्त (1.34) में ऋषि कवि अथर्वा एक लता देखते हैं। अथर्वा कहते हैं, "मधुक मधुरता के साथ पैदा हुई है। हम इसे मधुरता के साथ खोदते हैं–मधुजाता मधूनां त्वां खनामसि।" कहते हैं, "हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं।" आगे कहते हैं, "हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मूल भाग मधुर हो। हमारा घर से बाहर जाना मधुर हो। दूर जाना मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम मधुरता से भी ज्यादा मधुर हो जाएं–मधुरस्मि माधुतरो मदुधान्ममधुत्तमत्तर:।" वैदिक ऋषि कवि अस्तित्व को नमस्कार करते हैं। यजुर्वेद (36.17) के शांति मंत्र में कहते हैं, "अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। जल शांत हों।" फिर कहते हैं, "औषधियां शांत हों। वनस्पतियां शांत हों। सभी शक्तियां शांत हों। शांति भी हमें शांति दें।"

# संताली लोकगीतों में संताल हूल



डॉ. शर्मिला सोरेन

ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में पहला और महत्त्वपूर्ण संग्राम ''संताल हूल'' को याद कर सकते हैं, जिन्हें संताल हूल 1855 के नाम से भी जानते हैं, जिसकी उद्घोषणा 30 जून, 1855 को सिदो-कान्हू, चाँद-भायरो, फूलो-झानो के कुशल नेतृत्व में उस समय लड़ी गई जब अंग्रेजी हुकूमत का सूर्य कभी अस्त ही नहीं होता था।

संताल आदिवासी की प्रवृत्ति अतुलनीय न्यायप्रिय और शांतिप्रिय रहा है। ये आदिवासी राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत, जियो और जीने दो, वसुधैव कुटुम्बकम् में आस्था और विश्वास रखता है। ऐसे समय में अंग्रेजों के द्वारा उनके जीवन-यापन में खलल पैदा करने के कारण सिदो-कान्हू ने ''आबोवाक दिसोम रे आबोवाक राज'' का नारा देकर ''करो या मरो'' का मूल मंत्र जनमानस को देने का काम किया था। सूदखोर महाजनों को, ठेकेदारों को और अंग्रेजों के दलाल को यहाँ से भगाने के लिए इन्होंने यह आन्दोलन किया था। इस आन्दोलन को अपार जनसमर्थन मिला था। कार्ल मार्क्स ने भी अपनी किताब 'नोट्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री' में इस आन्दोलन को 'जनक्रांति' माना है। लेकिन इतिहास ने इतनी बड़ी जनक्रांति को इतिहास के पन्नों में स्थान देना उचित नहीं समझा। फिर भी संताल आदिवासियों ने अपने लोकगीतों में, लोकथाओं में, किंवदन्तियों में अपने शहीदों की वीरगाथाओं को जीवित रखा है। उनमें से कुछ प्रचलित लोकगीतों का उल्लेख इस प्रकार है, जिसको ऐसे ही अवसरों पर, खास करके संताल समाज में आज भी जो बहुत लोकप्रिय है, अक्सर सुनने को मिलता है-

**1. भोगनाडीह आतो खोन**
**(सोहराय राड़)**
**सिदो-कान्हू, हूल...... हूल किन**
**हो....... हो.... केदा!**
**दायना....... दाय माराङ दाय**
**देला! से ना दायना आडोङ लेन में,**
**सिदो ठाकुर, कान्हू भाई**
**हूल..... हूल किन हो..... हो......**
**केदा।**

अर्थ - भोगनाडीह गाँव से सिदो-कान्हू ने हूल-हूल का आगाज किया है। चलें दीदी... बड़ी दीदी आप भी निकलें बाहर! सिदो ठाकुर, कान्हू भाई ने हूल-हूल का आगाज किया है।

इसी प्रकार से इस गीत को भी देखा जा सकता है:-

**2. सिदो-कान्हू दो हूल डारवाक**
**किन (दोङ सेरेञ)**
**डारवाक लेदा......**
**आतो-आतो किन पासनाव लेदा**
**देला! से हो मांझी बाबा,**
**देला! से हो आतो मोड़े होड़**
**साहेब सुबा सुद महाजोन बोन लगा**
**कोवा।**

अर्थ- सिदो-कान्हू ने हूल के लिए साल के पत्ता का डाली को गांव-गांव में भेजवाये थे। आइये! मांझी



बाबा, आइये गाँव के मोड़े होड़, साहेब-सुबा सुद महाजन को भगाना है।

प्रचलित लोकगीत में से यह भी एक प्रमुख गीत है, जो संताल समाज के सामाजिक कार्यक्रमों में प्रायः सुनने को मिलता है -

**3. सिदो-कान्हू खुड़.... खुड़ी**
**भितोरे (दोङ सेरेञ)**
**चाँद भायरो घोड़ा उपोरे......2**
**देखो से रे चाँद रे भायरो**
**घोड़ा भायरो मुलीने-मुलीन.....2**

इस लोकगीत से ऐसा प्रतीत होता है कि हूल में सिदो-कान्हू को सुबा ठाकुर की उपाधि मिल चुका था और उन दोनों को छिपाने के उद्देश्य से या एक जगह से दूसरे जगह ले जाने के लिए पालकी का उपयोग किया जाता था। चाँद और भायरो दोनों रक्षक के रूप में घोड़ा के ऊपर सवार होकर चलते हैं, तो उसी क्रम में चाँद और भायरो को कहा जाता है कि घोड़ा को देखो भायरो कैसे मुरझाये हुए हैं।

संताली लोकगीतों में एक नायक, जिसको गीत के माध्यम से हमेशा याद किया जाता है -

**4. तोकोय हुकूम ते बाजाल,**
**तोकोय बोले ते.....**
**रूपु सिंग तामोली दोम माक**
**किदिया!**
**रूपु सिंग तामोली दोम हेलेच**
**किदिया.....**

इस गीत को बीर बाजाल के लिए उनकी माँ के द्वारा गाया गया था, जिसमें उनकी माँ कहती है कि किसे आदेश से बाजाल तुमने रूपु सिंग तामोली को काट डाला? किसके कहने पर रूपु सिंग तामोली को खत्म कर डाला?

इस गीत के जवाब में बीर बाजाल के द्वारा गाये गये गीत इस प्रकार हैं:-

**5. सिदो हुकूम ते नायगो**
**कान्हू बोले ते**
**रूपु सिंह तामोली दो माक किदीया**
**रूपु सिंग तामोली दो हेलेच किदीया।**

इस गीत में वीर बाजाल अपनी माँ से कहता है कि सिदो के आदेश से और कान्हू के कहने पर मैंने रूपु सिंग तामोली को काट डाला माँ।

इसी कड़ी में एक और गीत इस प्रकार है -

**6. ती रेताम काडी बाजाल**
**जांगा रेताम बाड़ी**
**आम दोम सेनोक कान**
**बाजाल सिवड़ी हेल ते.....**

उपरोक्त पंक्ति वाले गीत में बाजाल की माँ कहती है कि तुम्हारे हाथ में काड़ी है बाजाल और पैर में बेड़ी, तुम तो सिवड़ी जेल जा रहे हो।

इस गीत के जवाब में बाजाल कहता है -

**7. ती रितीञ तिरयो बनाम**
**जांगा रेतिञ पायगान**
**इञ दोञ सेनोक कान नायगो**
**सिवड़ी मेला ञेल......**

इस गीत में बाजाल अपनी माँ से कहता है - माँ हाथ में बाँसुरी और सितार है और पैर में पायगान है माँ..., मैं सिवड़ी मेला देखने जा रहा हूँ।

इस गीत से हमें यही जानकारी मिलती है कि बाजाल अंग्रेजी सैनिकों के द्वारा पकड़े गये हैं। उन्हें सिवड़ी जेल ले जाया जा रहा है। पर ऐसे मार्मिक और विषम परिस्थिति में भी एक आन्दोलनकारी हँसते-हँसते जेल जाने को तैयार है।

इस तरह के अनगिनत लोकगीत समाज में भरे पड़े हैं, जिनको विभिन्न अवसरों पर गाया जाता है। इन गीतों को संकलित करने की जरूरत है।

सिदो से सबंधित एक और गीत है। इस गीत को तभी गाया गया होगा, जब सिदो अंग्रेज सिपाही के द्वारा पकड़े गये होंगे और उन्हें फाँसी देने की तैयारी चल रही होगी। इसकी सूचना चारों ओर फैल गई होगी, लोगों की भीड़ रही होगी, तभी इस गीत को गाया गया था, प्रतीत होता है -

सिदो के द्वारा गाया गया गीत -

**8. काट पासी खोन (होमोर राड़)**
**साहेब सुबा को ड़ारवाक केदा हो.....**
**दिसाम होड़ को जारवा केत पे**
**नोतें इञाक पासी काट रे**
**लोक कान जीवि दो**
**तोकोय इड़िच तिञ....**

उपरोक्त गीत के जवाब में सिदो के फाँसी को देखने के लिए एकत्रित भीड़ के द्वारा गाये गये गीत इस प्रकार हैं-

**9. साहेब सुबा को ड़ारवाक केदा हो**
**दिसाम होड़ को जारवो केत्ले**
**लोक्कान्जीवि दो तोकोय राड़ेच**
**ताले।**

फिर उपरोक्त गीत के जवाब में सिदो ठाकुर के द्वारा गाये गये गीत इस प्रकार हैं-

**10. ऐरा होपोन को खाटाव कोता**
**पेया**
**जुमी जायगा को लिलाम तापे**
**उमिन रेगी लोक कान जीवि दो**
**राड़ेञोक तापेया....**

उपरोक्त सभी गीत फाँसी देने के समय का एक मार्मिक गीत है। जब सिदो किसी अपने लोगों के द्वारा ही पकड़े जाते हैं, उन्हें फाँसी देने की तैयारियाँ चल रही होती हैं, उस समय का मार्मिक गीत है। उस गीत के अंतिम पैरा में उन्होंने जो बातें उस भीड़ को गीत के माध्यम से सुनाई थी, आज के संदर्भ में संताल परगना के लोगों के लिए प्रासंगिक लगता है; क्योंकि आज जो परिस्थितियाँ संताल परगना में बनी हैं या बन रही हैं, जैसे जन, जल, जंगल और जमीन सभी संसाधनों की नीलामी हो रही है, मुझे तो ऐसा लगता है कि इन्हीं संसाधनों की बोली लगी होगी, मोल-भाव हो रहा होगा और हम मूकदर्शक बन रहे हैं। सिदो-कान्हू के बाद आज तक इस क्षेत्र में ऐसे जननायक पैदा हुए ही नहीं या हम पैदा ही नहीं कर पाये हैं, जिससे इन सभी संसाधनों की रक्षा हो सके और हम स्वाभिमान के साथ जी सकें।

**(लेखिका सिदो कान्हू मुर्मू विवि के संताली विभाग की सहायक प्राध्यापक है।)**

# असुविधा की सड़कों का टोल-टैक्स ज्यादती है



ललित गर्ग

बेहतर सेवाओं के नाम पर सरकारें कई तरह के शुल्क वसूलती है, इसमें कोई आपत्ति एवं अतिशयोक्ति नहीं है। लेकिन सेवाएं बेहतर न हो फिर भी उनके नाम पर शुल्क या कर वसूलना आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी है। यह एक तरह से आम जनता का शोषण है, धोखाधड़ी है। राजमार्ग एवं अन्य मार्गो पर बेहतर एवं सुविधाजनक सड़कों के नाम पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन विडम्बना एवं त्रासदी यह है कि टूटी-फूटी सड़कों के नाम पर भी टोल वसूला जाता है, जो अन्यायपूर्ण एवं आपत्तिजनक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान में जनता के इस बड़े होते दु:ख, धोखाधड़ी एवं शोषण पर न केवल दु:ख जताया बल्कि ऐसी जबरन की जा रही वसूली को रोकने के लिये अधिकारियों को चेताया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। रोड टैक्स का उपयोग राज्य के भीतर सड़कों के रखरखाव और विकास के लिए किया जाना चाहिए न कि सरकार की आमद को बढ़ाने के लिये। ऐसे अनेक उदाहरण है कि बिना सुविधा एवं आवश्यकता के भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। राज्य सरकारें भी स्वतंत्र रूप से टोल वसूलती है। दूसरी ओर, टोल टैक्स एक उपयोगकर्ता शुल्क है जिसे वाहन मालिकों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या निजी ठेकेदारों को कुछ टोल सड़कों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, पुल और सुरंगों का उपयोग करने के लिए देना पड़ता है। जो अन्य सड़कों की तुलना में इन सड़कों को उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की माना जाता है। निश्चित रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क-क्रांति की है बल्कि व्यवस्था की खामियों को सुधारने के भी सराहनीय प्रयास किये हैं। किसी देश को विवेकपूर्ण, बेहतर सुविधाओं एवं विकास के नये मानकों के साथ चलाने के लिए सरकार को पात्र नागरिकों से बेहतर सुविधाओं के लिये कर एकत्र में कोई ऐतराज नहीं है; लेकिन सड़कें हो या अन्य सुविधाएं, अच्छी नहीं होने पर भी टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने पर उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ एवं शोषित महसूस करता है, जिसके कारण टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने वाली एजेन्सियों के खिलाफ शिकायतें बढ़ती जा रही है। टोल टैक्स प्रणाली सरकार या निजी ठेकेदारों के लिए राजस्व सृजन का स्रोत नहीं होनी चाहिए, बल्कि जनता के लिए बेहतर और सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराने का साधन होनी चाहिए। निश्चित तौर पर गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी एवं अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर भी लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने की स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही है। इन स्थितियों को लेकर आम जनता एवं उपभोक्ताओं में विरोध एवं विद्रोह पनप रहा है, इसलिये सरकार एवं ऐसी एजेन्सियों के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। किसी भी विभाग को अपनी खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार होना चाहिए। नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक-जीवन को न केवल अस्त-व्यस्त कर रही है, बल्कि आहत, पीड़ित एवं परेशान भी कर रही है। ऐसी अनेक सुविधाएं हैं जो सरकार के द्वारा जनता के लिये उपलब्ध कराई जाती है, इसके लिये सरकार टैक्स वसूलती है। लेकिन बिना सुविधा के भी टैक्स वसूलने की स्थितियां सरकार पर बदनूमा दाग है और ऐसे दाग लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बहरहाल बात राजमार्गों पर वसूले जा रहे गैर वाजिब टोल टैक्स के बढ़ने की चिन्ता का है, जो एक त्रासदी है। इसी त्रासदी को केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा और कहा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमसे टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम एवं स्वागतयोग्य कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की ऐसी कारगुजारियों एवं ज्यादतियों पर नजर रखनी चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि ऐसी शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए।

कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी, सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, गैरवाजिब टोल टैक्स वसूला जाना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना भी एक बड़ी समस्या है, भले ही इस समस्या से मुक्ति के लिये सरकार ने कदम उठाये हैं, फास्टैग व्यवस्था के लागू करने से लाइनें छोटी हुई है। आज 98 प्रतिशत वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। निश्चित तौर पर राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है, पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है एवं यातायात सुगम बना है। मोदी सरकार ने सड़कों को सुविधाजनक बनाया है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिर टोल प्लाजा पर गाड़ी धीमी करने व रोकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसे देश में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था सड़क-क्रांति को एक नई दिशा देगा। दरअसल, यह नया सिस्टम न केवल सही ट्रैकिंग कर पाएगा बल्कि यह राजमार्ग पर उपयोग की गई दूरी के आधार पर सटीक टोल गणना भी करेगा। बहुत संभव है आने वाले वर्षों में कार निर्माता कंपनियां अपने वाहनों पर ट्रैकिंग डिवाइस लगाएं। प्रारंभ में इस सिस्टम को प्रमुख हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लागू किया जाएगा। इसके बावजूद सरकार के लिये यह जरूरी है कि वह सड़कों की गुणवत्ता को बनाये रखे एवं गुणवत्ता वाली सुविधा की सड़कों पर ही टोल वसूले।

राजमार्गों पर यात्रा करने के दौरान आपके बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट से पैसा कट जाता है। इसमें भी गलत तरीके से पैसे कटने की शिकायतें बढ़ती जा रही है। किसी व्यक्ति के फास्टैग से बिना टोल से गुजरे टोल टैक्स काट लिया जाता है या ज्यादा टोल वसूल लिया जाता है, जो उपभोक्ताओं के लिये परेशानी का सबब है।

# संसद में औवैसी के जय फिलिस्तीन नारे पर विपक्ष की शर्मनाक चुप्पी!



मनोज कुमार अग्रवाल

हैदराबाद से लोकसभा सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सांसद के रूप में शपथ लेने के दौरान फिलिस्तीन के समर्थन में नारा लगा कर मर्यादा विहिन व्यवहार किया है । संसद में ओवैसी के नारे के बाद इस मुद्दे पर विवाद बढ़ गया है। उनकी संसद सदस्यता रद्द किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है।

आपको बता दें कि ये वही ओवैसी हैं जिन्हें 'जय फिलिस्तीन' कहने में कोई गुरेज नहीं है लेकिन 'भारत माता की जय' बोलने में घोर आपत्ति है। असदुद्दीन ओवैसी इससे पहले भी अपने कई बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं। कभी उन्होंने भारत माता की जय बोलने से इनकार किया तो कभी भाजपा-आरएसएस को लेकर विवादित बयान दिया। कुछ साल पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि नई पीढ़ी को भारत की शान में नारे लगाने का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। जिसके जवाब में असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था कि वो कभी 'भारत माता की जय नहीं बोलेंगे भले भी उनकी गर्दन पर कोई छुरी क्यों न रख दे'। ओवैसी एक बार यह भी कह चुके हैं कि इस्लाम ही सभी लोगों का घर है। अगर दूसरे धर्म के लोग इस्लाम अपनाते हैं तो यह उनके लिए घर वापसी जैसा होगा। हर बच्चा मुस्लिम होकर ही जन्म लेता है।

ओवैसी ने देश की संसद में फिलिस्तीन का जयकारा लगाकर अपनी प्राथमिकता और निष्ठा स्पष्ट कर दी है। ओवैसी, जिस देश का नमक खा रहे हैं, जिस देश के संसदसदस्य चुने गए हैं, उस देश के लिए मुंह से जयहिंद तक नहीं निकालते ये वही लोग हैं जो जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करते हैं। ओवैसी जैसे लोग अपने समाज और देश के नाम पर कलंक हैं।

सत्ताधारी एनडीए से जुड़े कई नेताओं ने इस पर आपत्ति जताई और उनकी कड़ी आलोचना की। साथ ही उनकी सदस्यता खत्म करने की मांग की गई है और इसके कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी गई है। वहीं भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि, ओवैसी ने जिस तरह से संसद में शपथ ली है, उससे पूरे देश का अपमान हुआ है।''फिलिस्तीन ज़िंदाबाद कहना गलत है, इससे पूरे देश की बदनामी हुई है। उन्हें संसद से बाहर निकाल देना चाहिए। ओवैसी देश को सीरिया बनाना चाहते हैं। वह देश में गजवा-ए-हिंद की अवधारणा स्थापित करना चाहते हैं। गिरिराज ने कहा कि ओवैसी ने इस तरह के नारे लगाकर संसद की गरिमा पर हमला किया है।सवाल यह उठता है कि क्या ओवैसी गाजा से सांसद हैं? जो ''जय हिंद'' कहने की बजाय ''जय फिलिस्तीन'' कहा।लेकिन इंडिया गठबंधन के किसी घटक दल के नेता ने औवैसी की इस हिमाकत पर कोई विरोध नहीं जताया।सवाल यह है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव क्यों चुप हैं? हमेशा संविधान बचाने का नारा लगाने वाला विपक्ष अब चुप क्यों है? विपक्ष को भी इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। हमेशा संविधान की किताब लेकर चलने वाले राहुल गांधी अखिलेश यादव को बताना चाहिए कि जय फिलिस्तीन कहना क्या संविधान का अपमान नहीं है? प्रमुख विपक्षी नेताओं में से किसी ने भी असुददीन औवेसी के इस शर्मनाक व्यवहार पर सवाल उठाने या आपत्ति दर्ज कराने की जरूरत नहीं समझी। यह इस देश के नेताओं के राष्ट्रीय चरित्र में आ रही गिरावट को बताता है।

बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन ने ओवैसी के बयान पर कहा, ''ऐसे लोगों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।'' उन्हें संसद से बाहर निकाल देना चाहिए। ये लोग देश में रहने के लायक नहीं हैं, जो व्यक्ति देश की मिट्टी का अपमान करता है, उसे देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है ओवैसी जैसे लोगों पर कार्रवाई जरूर होनी चाहिए। ऐसे लोग हमेशा देश के लिए घातक साबित होते हैं। उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।''

इस बीच वकील हरिशंकर जैन ने संसद सदस्यता खत्म करने को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिकायत की है। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जिस ओवैसी ने कभी कहा था कि चाहे जो कर लो, भारत माता की जय नहीं बोलूंगा। उसी ओवैसी ने भारत की संसद में सांसद की शपथ लेते हुए ''जय फिलिस्तीन'' का नारा लगाया। भारत माता से परहेज, तो फिलिस्तीन की जय से क्या संदेश देना चाहते हैं ओवैसी?विवाद बढ़ने के बाद ओवैसी ने सफाई दी है। ओवैसी ने कहा कि उन्होंने सदन में कुछ भी गलत नहीं कहा। इससे इनकी मंशा समझी जा सकती है।

ओवैसी के नारा लगाते ही एनडीए सांसदों ने कड़ा विरोध जताया था , बीजेपी ने ओवैसी के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि मौजूदा नियमों के अनुसार उन्हें संसद से अयोग्य ठहराए जाने का आधार है। बीजेपी ने अनुच्छेद 102 का हवाला देते हुए कहा कि ओवैसी को सदस्यता से अयोग्य ठहराया जा सकता है।

जानकारी के मुताबिक संसद के दोनों सदनों में एक आचार समिति होती है। यह नेताओं के नैतिक आचरण पर ध्यान देने योग्य है। यदि समिति यह सिफारिश करती है कि कोई सदस्य सदन की गरिमा को भंग कर रहा है या सार्वजनिक जीवन में मर्यादा को तोड़ रहा है, तो चरम मामलों में उसकी सदस्यता जा सकती है। इसी आचार समिति की अनुशंसा पर महुआ मोइत्रा की सदस्यता भी रद्द कर दी गई थी।

विदेशी राज्य के प्रति निष्ठा प्रदर्शित करने पर अयोग्य ठहाराया जा सकता है। संसद के मौजूदा नियमों के अनुसार, किसी भी सदन के सदस्य को किसी विदेशी राज्य के प्रति निष्ठा प्रदर्शित करने पर, उसकी लोकसभा या किसी भी सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जा सकता है। जानकारों के मुताबिक या तो उन्हें फिर शपथ लेने को कहा जा सकता है, या फिर वे अयोग्य ठहराए जाएंगे।उधर केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने कहा, ''संवैधानिक प्रक्रिया के मुताबिक, एक सांसद उतना ही पढ़ेगा, जितना उसे कहा जाएगा। हमने इसका विरोध किया है। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि केवल शपथ की अवधि को ही रिकॉर्ड में लिया जाएगा, उसके पहले और बाद में कुछ नहीं। अपने देश की संसद में दूसरे देश की तारीफ करना आपकी मानसिकता के बारे में भी बहुत कुछ बताता है।''विवाद बढ़ने के बाद हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ ग्रहण के बाद संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए अपनी टिप्पणी का बचाव किया। उन्होंने कहा, ''अन्य सदस्य भी अलग-अलग बातें कह रहे हैं। मैंने कहा 'जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन'। यह कैसे गलत है? मुझे संविधान में इसे लेकर कोई प्रावधान हो तो बताएं। आपको यह भी सुनना चाहिए कि दूसरों ने क्या कहा। मुझे जो कहना था मैंने कहा। आप यह भी देखें कि महात्मा गांधी ने फिलिस्तीन के बारे में क्या कहा था।'' जब ओवैसी से फ़िलिस्तीन का ज़िक्र करने का कारण पूछा गया, तो उन्होंने बताया, ''वे उत्पीड़ित लोग हैं।'' ओवैसी ने उर्दू में शपथ ली थी।

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, कि सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने आज संसद में जो 'जय फिलिस्तीन' का नारा दिया, वह बिल्कुल गलत है। यह सदन के नियमों के खिलाफ है। वह भारत में रहकर 'भारत माता की जय' नहीं कहतेङ्कलोगों को समझना चाहिए कि वह देश में रहकर असंवैधानिक काम करते हैं।केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, ''फिलिस्तीन या किसी अन्य देश से हमारी कोई दुश्मनी नहीं है। शपथ लेते समय क्या किसी सदस्य के लिए दूसरे देश की प्रशंसा में नारा लगाना उचित है? हमें नियमों की जांच करनी होगी कि क्या यह सही है।''भाजपा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा, ''फिलिस्तीन हो या कोई और देश, सबके भारत से अच्छे संबंध हैं। सवाल यह है कि शपथ लेते समय वह फिलिस्तीन जिंदाबाद कह सकते हैं या नहीं, भारत माता जिंदाबाद कहने की बजाय वह दूसरे देश का जिंदाबाद कह रहे हैं। इस पर विपक्ष चुप था, जब मैंने शपथ लेने से पहले नमस्ते कहा तो ओवैसी ने विरोध करना शुरू कर दिया कि यह संविधान विरोधी शब्द है।'' बहरहाल इतना तय है कि असुददीन औवेसी फिलस्तीन की जय का नारा लगा कर न सिर्फ देश के भीतर पनप रही उस सांप्रदायिक सोच को सामने रखने का काम कर रहे हैं जिसमें देश से पहले उनका मजहब है और वह ऐसी मजहबी सोच रखने वाले लोगों को ऐसा नारा लगाकर उनकी रहनुमाई करने का संकेत देना चाहते थे। यह देश का दुर्भाग्य है कि इस तरह की विदेशी राज्य के प्रति आस्था रखने वाले लोग सांसद बने हैं यदि देश के सत्ताधारी और प्रतिपक्षी राजनेताओं में राष्ट्रीय भाव को लेकर साम्य होता तो तत्काल औवेसी को संसद भवन से ही गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए था। देखना है 75 साल में भारत की संसद कहाँ से कहाँ पहुंच गई है क्या आने वाले समय में संसद में चुनकर आए सांसद शपथ के समय मौहम्मद अली जिन्ना जुल्फिकार भुट्टो और पाकिस्तान की जय के नारे भी लगाएंगे? यह देश के राष्ट्रीय चरित्र में आ रही गिरावट का हवाला दे रही है इस का समय रहते कड़ा विरोध जरूरी है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

● जयपुर, रविवार, 30 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 302 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित



पेज @4 मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का हुआ आयोजन मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त...

पेज @5 जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में जिला स्तरीय मिलेट...

पेज @8 » सीएम आनलाइन करेंगे 65 लाख से अधिक किसानों को...

न्यूज़ अपडेट

## कोई छात्र स्कूल से वंचित न रहे, ये देश की सबसे बड़ी सेवा होगी : सीएम योगी

**लखनऊ/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई छात्र स्कूल से वंचित न रहे, ये देश की सबसे बड़ी सेवा होगी। उन्होंने कहा, श्रीमद्भागवत गीता में तो किसी को शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य माना गया है। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के बाद सीएम योगी ने कहा कि सचमुच एक गुरु के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है कि जिसको उन्होंने गाइड किया वो देश में, प्रदेश में, जनपद में उच्च स्थान प्राप्त कर उन्हें गौरवान्वित कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन नई दिल्ली और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से जुड़े छात्र-छात्राओं को यहां सम्मानित किया गया है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर आज कतर के दौरे पर जाएंगे

**नई दिल्ली/एजेंसी।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर 30 जून को कतर का आधिकारिक दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि एक दिवसीय यात्रा के दौरान एस. जयशंकर कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और कतर के बीच ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14-15 फरवरी 2024 को कतर का दौरा किया था और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ चर्चा की थी।

## अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में भारी बारिश की संभावना

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को अगले 4-5 दिनों के दौरान दिल्ली और पूर्वोत्तर राज्यों समेत उत्तर-पश्चिम भारत में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून शनिवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून की उत्तरी सीमा अब राजस्थान में जैसलमेर, चुरू, भिवानी, दिल्ली, अलीगढ़, हरदोई, मुरादाबाद, ऊना (पश्चिमी उत्तर प्रदेश), पंजाब में पठानकोट और जम्मू से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 2-3 दिनों के दौरान पश्चिमी राजस्थान, हरियाणा-चंडीगढ़ और पंजाब के कुछ और हिस्सों तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू के शेष हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मौसम बुलेटिन के अनुसार, 29 जून से 3 जुलाई तक दिल्ली, हरियाणा चंडीगढ़, पंजाब हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में, 29 जून, 2 और 3 जुलाई को पश्चिमी राजस्थान में, 29 और 30 जून को छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के तटीय क्षेत्र, झारखंड, ओडिशा में और 30 जून से 2 जुलाई के दौरान बिहार में भारी बारिश होने की उम्मीद है।

, सरकार पर उठने लगे सवाल

# बिहार में थमता नहीं दिख रहा पुल-पुलिया गिरने का सिलसिला

**पटना/एजेंसी।**



बिहार में पुल-पुलिया गिरने या क्षतिग्रस्त होने का सिलसिला जारी है। पिछले 11 दिनों के अंदर पांच पुल गिर चुके हैं। पुल गिरने की घटनाओं के बीच सरकार पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। हालांकि सरकार पुल के टूटने या धराशायी होने की घटना की जांच कराने की बात जरूर कर रही है।

इधर, पुल-पुलियों के गिरने की घटना के बाद सचेत हुई सरकार अब पुल की कमजोरी को जानने और नए पुल मजबूत बने, इसके लिए सभी ग्रामीण पुलों की स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने जा रही है। मकसद यह है कि सरकारी राशि का सदुपयोग हो और जानमाल की सुरक्षा भी की जा सके। ऐसा नहीं कि बिहार में पुल धराशायी या टूटने की घटना इसी सरकार में हो रही है। प्रदेश में सरकार महागठबंधन की रही हो या एनडीए की, पुल गिरते रहे हैं और विपक्ष सरकार पर सवाल उठाता रहा है। बताया जाता है कि बिहार में पुल-पुलियों के रखरखाव को लेकर कोई नीति नहीं है, जिस कारण पुराने पुलों की मॉनिटरिंग नहीं हो पाती है और बन रहे पुल-पुलियों में निर्माण सामग्री में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जाता है। हालांकि सरकार अब इस मामले को लेकर सचेत दिख रही है। ग्रामीण कार्य विभाग ने अब पुल-पुलियों की ऑडिट करवाने का निर्णय लिया है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर विभागीय अभियंताओं और अधिकारियों की तैनाती होगी। विभागीय ऐप के माध्यम से हर दिन ऑडिट से जुटाई गई जानकारी मुख्यालय भेजी जाएगी। इस आधार पर मुख्यालय स्तर से मॉनिटरिंग होगी।

सभी आंकड़े इक्ट्ठा होने के बाद इसकी दोबारा जांच की भी व्यवस्था की जायेगी। जुटाई गई तमाम जानकारियों के आधार पर पुल का ग्रेड तैयार होगा और इसके बाद पुल के मरम्मत या पूरी तरह से पुनर्निर्माण पर विचार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 18 जून को अररिया के सिकटी प्रखंड के बकरा नदी पर उद्घाटन के लिए तैयार पुल अचानक भरभराकर गिर गया। इस मामले को लेकर पथ निर्माण विभाग ने तत्काल कई इंजीनियरों को निलंबित कर दिया और एक जांच दल का गठन कर जांच की जिम्मेदारी दे दी। पुल-पुलिया गिरने को लेकर प्रदेश में राजनीति भी खूब होती रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले दो सालों में प्रदेश में नौ छोटे-बड़े पुल ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हुए हैं।

पिछले 11 दिनों में सीवान, अररिया, पूर्वी चंपारण, किशनगंज में पुल गिरने के बाद शुक्रवार को मधुबनी के भुतही बलान नदी पर बन रहे एक निर्माणाधीन पुल का गर्डर गिर गया।

## आईआरसीटीसी की वेबसाइट हैक कर बेचे 4.25 करोड़ के तत्काल टिकट

मुंबई विजिलेंस और सूरत पुलिस ने किया भंडाफोड़




**सूरत/एजेंसी।**

गुजरात के सूरत शहर में एक व्यक्ति को आईआरसीटीसी वेबसाइट की सिक्योरिटी बाइपास करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि आरोपी शख्स रेलवे की वेबसाइट के सिस्टम को बाइपास करके तत्काल टिकट बुक करता था। आरोप है कि कुछ सॉफ्टवेयर की मदद से वो कई टिकट का स्लॉट ब्लॉक कर देता था, जिससे आम लोगों को टिकटें अवेलेबल नहीं हो पाती थीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक रेलवे की मुंबई विजिलेंस टीम और सूरत की उमरा पुलिस स्टेशन की टीम ने सिटी लाइट इलाके के एक अपार्टमेंट में छापा मारा था। यहां से राजेश नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। राजेश रेलवे की टिकट बुकिंग का काम करता है। सूरत सिटी पुलिस के डीसीपी विजय सिंह गुर्जर ने बताया, विजिलेंस टीम को इन्फॉर्मेशन मिली थी कि राजेश रेलवे की वेबसाइट के सिस्टम को बाइपास करके तत्काल बुक करता है। वो कुछ टिकट का स्लॉट ब्लॉक कर देता, जिससे आम लोगों को टिकट अवेलेबल नहीं हो पाती थीं। डीसीपी ने बताया कि आम तौर पर टिकट बुक करने में 1 से डेढ़ मिनट का टाइम लगता है, लेकिन आरोपी जिन सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर रहा था, उनसे ये सारे प्रोसेस बाइपास हो जाते और 20 से 30 सेकेंड के अंदर एक टिकट बुक हो जाती थी।

## निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से आठ बच्चे दबे, मची चीख-पुकार, तीन की मौत

**ग्रेटर नोएडा/एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में एक बड़ी दुर्घटना हुई है। भीषण बारिश के चलते निर्माणाधीन एक मकान की दीवार गिर गई। इसके नीचे आठ बच्चे दब गए। इनमें से तीन बच्चों की मौत हो गई। बाकी बच्चों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। मौके पर राहत व बचाव टीमें मौजूद हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत खोदना गांव में निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई है। इस घटना में आयशा (16), आहद (4) , हुसैन (5), आदिल (8), अलफिज़ा (2), सोहना (12), वासील (11) और समीर (15 ) दब गए। मकान मालिक सगीर के मकान की दीवार गिरने से उनके ही परिवार और रिश्तेदारों के आठ बच्चे उसके नीचे दब गए। इसमें आहद, आदिल व अलफिजा की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही है और यह भी पता कर रही है कि कहीं और लोग तो दीवार के नीचे दबे नहीं हैं। गौरतलब है कि गुरुवार देर रात से ही एनसीआर में हो रही तेज बारिश ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। कई जगह जल भराव के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

लद्दाख में युद्ध अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा

# नदी पार करते समय अचानक बढ़ा जलस्तर, सेना के पांच जवान शहीद

**लेह/एजेंसी।**



लद्दाख में न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास शनिवार तड×के एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां युद्ध अभ्यास के दौरान एक टी-72 टैंक नदी पार कर रहा था, तभी नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस हादसे में सेना के पांच जवान पानी के तेज बहाव में बह गए और पांचों ने शहादत का जाम पी लिया। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना मंदिर मोड़ के पास सुबह करीब 3 बजे हुई। अधिकारियों ने बताया कि टी-72 टैंक, जिसमें पांच सैनिक सवार थे। जब वे नदी पार कर रहे थे तो अचानक आई बाढ़ के कारण डूब गए। डिफेंस ऑफिशियल ने बताया कि पांचों जवानों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

बता दें कि जिस ञ्ज-72 टैंक के साथ जवान प्रैक्टिस कर रहे थे। वह भारत में अजेय नाम से जाना जाता है। इसे 1960 में रूस में बनाया गया और 1973 में सोवियत सेना में शामिल किया गया था। यूरोप के बाद भारत ऐसा पहला देश था, जिसने रूस से यह टैंक खरीदा था। भारत के पास अजेय टैंक के तीन

## इस बार आनलाइन मोड में होंगे यूजीसी-नीट सहित ये तीन प्रमुख एग्जाम

● एनटीए ने नई तारीखों का किया ऐलान

**नई दिल्ली/एजेंसी।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने एनसीईटी, संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट और यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षाओं की नई तारीखों की घोषणा कर दी है। इस बार एग्जाम मोड भी ऑनलाइन रखा गया है। रद्द होने से पहले त्रष्ट-ह्शवञ्ज पेन और पेपर मोड में हुआ था। एनटीए ने शुक्रवार रात जारी एक अधिसूचना में घोषणा की कि एनसीईटी 2024 का आयोजन अब 10 जुलाई को किया जाएगा। इसी प्रकार, संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट 25-27 जुलाई को जबकि यूजीसी-नेट जून 2024 चक्र की परीक्षा 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। एनटीए की अधिसूचना में उम्मीदवारों को अधिक जानकारी के लिए 222.ठ्ठ''ड्ड.ड्डष्.द्बठ्ठ पर जाने का सुझाव दिया गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि अखिल भारतीय आयुष स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा 2024 अपने वास्तविक कार्यक्रम के अनुसार 6 जुलाई को ही आयोजित की जाएगी।

## जदयू सांसद लवली आनंद ने कहा, नेता का बच्चा राजनीति नहीं करेगा तो क्या खेतीबाड़ी करेगा

**पटना/एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की राजनीति में आने की चर्चा के बीच प्रदेश में सियासत गर्म हो गयी है। इस बीच, जदयू की सांसद लवली आनंद ने इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात उन्होंने सुनी नहीं है, लेकिन वे राजनीति में आते हैं तो स्वागत योग्य बात है।



उन्होंने कहा कि पॉलिटिशियन का बच्चा पॉलिटिक्स नहीं करेगा तो क्या खेतीबाड़ी करेगा। इस बयान को राजद ने किसानों का अपमान बताया है। जदयू की सांसद लवली आनंद ने कहा, डॉक्टर का बच्चा डॉक्टर होता है, वकील का बच्चा वकील और इंजीनियर का बच्चा इंजीनियर होता है। अगर पॉलिटिशियन का बच्चा पॉलिटिक्स में गया तो क्या गलत है? जदयू की सांसद लवली आनन्द के बयान पर राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने पलटवार करते हुए इसे

# प. बंगाल के राज्यपाल ने ममता के खिलाफ किया मानहानि का मुकदमा, सीएम ने कहा था- महिलाएं राजभवन जाने से डरती हैं

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प. बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कलकत्ता हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। एक दिन पहले ही ममता बनर्जी ने कहा था कि महिलाओं ने उनसे शिकायत की थी कि वे राजभवन में होने वाली गतिविधियों के कारण वहां जाने से डरती हैं, इसी बयान के खिलाफ राज्यपाल ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बोस ने इससे पहले ममता बनर्जी के बयानों की आलोचना की और कहा कि जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे गलत और बदनामी वाली धारणा न बनाएं। सूत्र ने बताया कि बंगाल के राज्यपाल ने भी इसी तरह की टिप्पणी करने के लिए कुछ टीएमसी नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। राज्य सचिवालय में एक प्रशासनिक बैठक के दौरान, बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि महिलाओं ने उन्हें बताया है कि वे हाल ही में वहां हुई घटनाओं के कारण राजभवन जाने से डरती हैं।



सरकारी फंड का किया मिसयूज; सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

# हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 4 लाख फर्जी एडमिशन

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में एडमिशन को लेकर फर्जीवाड़े के मामले में सीबीआई अब एक्शन मोड में आ गई है। 2016 में पकड़े गए चार लाख फर्जी छात्रों के मामले में एजेंसी ने एफआईआर दर्ज कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 2 नवंबर 2019 के आदेश पर मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और दावा किया था कि जांच के लिए भारी जनशक्ति की आवश्यकता हो सकती है और जांच राज्य पुलिस को दी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने हाल ही में याचिका खारिज कर दी जिसके बाद सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की।



हाईकोर्ट को 2016 में सूचित किया गया था कि आंकड़ों के सत्यापन से पता चला है कि सरकारी स्कूलों में विभिन्न कक्षाओं में 22 लाख छात्र थे, लेकिन वास्तव में केवल 18 लाख छात्र ही पाए गए और चार लाख फर्जी दाखिले थे। अदालत को यह भी बताया गया कि समाज के पिछड़े या गरीब तबके के छात्रों को स्कूलों और मिड डे मील योजना में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कुछ लाभ दिए जा रहे हैं। उच्च न्यायालय ने राज्य सतर्कता विभाग को 4 लाख फर्जी छात्रों के नाम पर धन की संदिग्ध हेराफेरी की जांच के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त करने का आदेश दिया था। पीठ ने जिम्मेदारी तय करने और दोष सिद्ध होने पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। सतर्कता ब्यूरो की सिफारिशों पर राज्य में सात एफआईआर दर्ज की गईं।

## नहीं रहे पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धरमपुरी श्रीनिवास, लंबी बीमारी के बाद हुआ निधन

**हैदराबाद/एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धरमपुरी श्रीनिवास का लंबी बीमारी के बाद 76 साल की उम्र में शनिवार तड×के यहां निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि श्रीनिवास ने सुबह तीन बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। मस्तिष्काघात के बाद पिछले कुछ वर्षों से उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं था। पूर्व सांसद अविभाजित आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के मंत्रिमंडल में मंत्री और दो बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी रहे थे। 'डीएस' के नाम से लोकप्रिय श्रीनिवास के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं।



## संक्षिप्त खबर

## सही और सटीक आंकड़े ही हैं सतत विकास का आधार : ऋतेश कुमार



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** महान सांख्यिकीविद् प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 131वीं जयंती के मौके पर आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस के मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक हीरालाल जाटव एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसीपी श्री ऋत्तेश कुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर यूज ऑफ डाटा फॉर डिसीजन मेकिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। सांख्यिकी अधिकारियों को संबोधित करते हुए एसीपी श्री ऋत्तेश कुमार शर्मा ने कहा कि सांख्यिकी का नीति निर्धारण में अहम स्थान है यही कारण है कि सही एवं सटीक आंकडे ही देश-प्रदेश के सतत विकास का आधार है। राजस्थान सरकार का आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग इस दिशा में बेहतरीन काम कर रहा है यही कारण है कि विभाग द्वारा तैयार किये गए आंकड़ो की बुनियाद पर ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की जनता एवं उद्योगपतियों के लिए एक से बढ़कर एक योजनाएं लागू की हैं। वर्तमान में सांख्यिकी का उपयोग केवल समंकों के संकलन तक ही सीमित न हो कर, सांख्यिकीय तकनीकों के माध्यम से विश्लेषण एवं प्रमाणिक निष्कर्ष एवं समस्याओं के निवारण के लिए भी किया जा रहा है।समारोह में उपनिदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग श्री हीरा लाल जाटव ने बताया कि राज्य में सांख्यिकीय गतिविधियों एवं सेवाओं के निष्पादन हेतु वर्ष 1956 में आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय की स्थापना की गई। राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आर्थिक एवं सांख्यिकी सेवा एवं अधीनस्थ सेवा के कार्मिकों द्वारा राज्य के बजट का निर्माण करने, राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक विकास परिदृश्य के आकलन हेतु आवश्यक समंकों के संकलन एवं विश्लेषण करने में अहम भूमिकाओं का निर्वहन किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य एवं लोक कल्याण हित के कार्यों में सांख्यिकीय तकनीकों का उल्लेखनीय उपयोग एवं सांख्यिकी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों के उत्साहवर्धन हेतु जिला स्तरीय प्रो. पी.सी. महालनोबिस सांख्यिकी अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक डॉ. सुदीप कुमावत सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के आर्थिक एवं सांख्यिकी सेवा एवं अधीनस्थ सेवा के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भाग लिया।

## गंदे पानी की समस्या को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ी महिलाएं



**सोमवार को पोखर की पैमाइश व हटेगा अतिक्रमण**

**7 घंटे के बाद टंकी से उतरी महिलाएं**

**चमकता राजस्थान, वैर (राजवीर सिंह)।** घरों के सामने साल भर से भरे गंदे पानी की समस्या को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ी महिलाएं। सात घंटे बाद प्रशासन व ग्रामीणों के बीच बनी सहमति के बाद उतरीं। प्रशासन व ग्रामीणों के बीच तीन बिंदुओं पर सहमति बनी। तहसीलदार महेशचंद शर्मा ने बताया कि कस्बा हलैना के जोशी मौहल्ला में घरों के सामने गंदा पानी भरने को लेकर तीन महिलाओं के पानी की टंकी पर चढ़ने का समाचार मिला। जिस पर हलैना पहुंचकर मौका देखा। उन्होंने बताया की घरों के सामने गंदा पानी स्थाई रूप जमा है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए थाना परिसर में ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि सोमवार को पोखर की पैमाइश कर पोखर की जमीन को चिन्हित कर जायेगा। तथा ग्राम पंचायत प्रशासन के द्वारा पोखर से अतिक्रमण को हटाया जायेगा। ग्रामीण व प्रशासन के बीच बनी सहमति के बाद महिलाएं पानी की टंकी से उतरी।बताते चलें जोशी मौहल्ला में घरों के सामने भरे गंदे पानी पे पीड़ित महिलाएं सुबह दस बजे खाटू श्याम मंदिर परिसर में बनी पानी की टंकी पर तीन महिलाएं चढ गईं। जिस पर सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार हलैना अजय मधुकर तहसीलदार महेशचंद शर्मा खंड विकास अधिकारी के पी मधुकर तथा मय जाब्ता के थाना प्रभारी बिजेंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे। महिलाओं को समझाया। जोशी मौहल्ला का निरीक्षण कर थाना परिसर में ग्रामीणों व अधिकारियों के बीच सहमति बनी।

## राजस्थान टीम ने 9वीं जूनियर रग्बी फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

**सरकार रग्बी खेल को प्रोत्साहित करे : पंडित सुरेश मिश्रा**

**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजस्थान रग्बी टीम ने 9वीं जूनियर रग्बी फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर अपने राज्य का नाम रोशन किया और जयपुर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया ! राजस्थान रग्बी संघ के चेयरमैन पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया की प्रतियोगिता का यह आयोजन 25 एवं 26 जून को पुणे के बालेवाडी स्टेडियम में आयोजित हुआ था ! जिसमे राजस्थान रग्बी ने महाराष्ट्र को 28-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर राजस्थान का नाम रोशन किया ! मिश्रा ने बताया कि राजस्थान टीम ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीता और राज्य का गौरव बढ़ाया। राजस्थान रग्बी की टीम का आज जयपुर पहुंचने पर माला, मैडल और कीट पहनाकर जोरदार स्वागत किया मिश्रा ने बताया की विश्व के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल के बाद सबसे ज्यादा देखे जाने वाला पावर का खेल रग्बी है। पिछले कुछ वर्षों से हमारे देश भारत में इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और युवाओं का इसके प्रति रुझान भी बढ़ रहा है राजस्थान रग्बी संघ के सचिव कुलदीप सिंह राजावत ने बताया कि फाइनल मुकाबले में राजस्थान का सामना ओडिशा से हुआ। यह मैच बेहद कड़ा और प्रतिस्पर्धी था, जिसमें राजस्थान ने 5 अंक बनाए लेकिन ओडिशा की टीम ने 10 अंकों के साथ जीत हासिल की और चैंपियन बनी। फाइनल में राजस्थान का प्रयास और संघर्ष प्रशंसनीय रहा। राजस्थान रग्बी संघ संयुक्त सचिव रविंद्र सिंह ने बताया की राजस्थान टीम और उनके सभी खिलाड़ियों को इस बेहतरीन यात्रा के लिए हार्दिक बधाई ! उन्होंने हमें गर्व करने का अवसर दिया है और हमें विश्वास है कि भविष्य में वे और भी ऊँचाइयों को छूएंगे।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में सीएम ने नवनियुक्त कर्मचारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

## जिला स्तरीय में कलेक्टर निधि बीटी ने नवनियुक्त कार्मिकों को सौंपी वेलकम किट

**चमकता राजस्थान**

**धौलपुर ( रामदास तरुण)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार निरंतर भर्तियां कर रही हैं। विभिन्न विभागों में जो भी रिक्त पद होंगे, उनका कलेंडर तैयार किया जाएगा। लगातार भर्तियां निकाल कर उन्हें भरेंगे। इसी तरह के रोजगार उत्सव होते रहेंगे।युवाओं को रोजगार के लिए राज्य सरकार कृत संकल्प है।मुख्यमंत्री शर्मा, शनिवार को जयपुर में टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव प्रदेश स्तरीय समारोह में संबोधित कर रहे थे। विभिन्न विभागों में नवनियुक्त लगभग 20 हजार अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा-बड़े से बड़े माफियाओं को छोड़ा नहीं जाएगा। ये आने वाली युवा पीढ़ी हमारे देश को आगे बढ़ाने का काम करेगी। प्रदेश के युवाओं से रोजगार का वादा किया था। हम धीरे-धीरे इस ओर बढ़ रहे हैं। सरकार लोक कल्याण, जन कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। हमारे मन में भाव होता है कि अधिकाधिक



रोजगार दें। लोकसेवक के कर्तव्य को राष्ट्रहित में बखूबी निभाएं। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र व वेलकम किट सौंपे। राज्य स्तरीय समारोह में कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, विशिष्ट अतिथि शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्य मंत्री के के विश्नोई, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने भी संबोधित किया। युवाओं ने सरकार के प्रयासों को सराहासीएम शर्मा ने वीसी के जरिये कोटा, बालोतरा, दूदू, खैरथल-तिजारा सहित अन्य जिलों के चुनिंदा लाभार्थियों से संवाद भी किया अधिकतर युवाओं ने कहा कि राज्य सरकार ने नकल माफियाओं की कमर तोड़कर रख दी। परीक्षाओं में नकल पर रोकथाम के लिए किए गए सरकार के प्रयासों को सराहा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में नवनियुक्त कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट नगर परिषद टाउन हॉल में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर निधि बी टी ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को शुभकामनाएं दी और राज्य सरकार का आभार भी व्यक्त किया। जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जिले में नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट भी सौंपे। जिला कलक्टर ने नवनियुक्त कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि नव नियुक्त कार्मिक अंतिम पायदान पर बैठे लोगों की भलाई के लिए कार्य करें, लोकसेवा महज एक नौकरी नहीं है ! बल्कि एक लोक दायित्व होता है। इस अवसर पर एडीएम ब्रह्मलाल जाट, विभिन्न विभागीय अधिकारी, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, नीरजा शर्मा नवनियुक्त कार्मिक एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## एबीवीपी के नवनियुक्त जिला सयोंजक का किया स्वागत



**चमकता राजस्थान, झुंझुनू (सुमेर सिंह राव)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर प्रान्त के 23 जून से 27 जून तक टोंक में आयोजित हुये प्रान्त अभ्यास वर्ग में पंकज सैनी को झुंझुनू जिले का जिला सयोंजक बनाया गया है पंकज सैनी को जिला सयोंजक बनाये जाने पर मंडावा मोड़ पर एबीवीपी के पूर्व जिला प्रमुख अरुण कस्वां के नेतृत्व में मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं स्वागत किया गया सैनी को लगातार दूसरी बार जिला सयोंजक बनाया गया है एवं 2019 से विद्यार्थी परिषद से जुड़े हुये है पूर्व में नगर मंत्री, जिला कार्यकारिणी सदस्य, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य सहित विभिन्न दायित्वों पर रह चुके है। इस अवसर पर एबीवीपी के नगर अध्यक्ष सुदीप राहड़, पूर्व जिला सयोंजक नीरज कुल्हरी, रामेश सैनी, सांवरमल, आशीष सहित अनेक लोग मौजूद थे !

## अपना घर आश्रम के स्थापना दिवस के अवसर पर बांटे स्कूली बैग

**चमकता राजस्थान**

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी अपना घर टीम सेवा को समर्पित गरीब, असहाय, अनाथ, लावारिस, विक्षिप्त, पीड़ित मानव सेवा में कार्यरत संस्था अपना घर सेवा समिति बाड़ी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय बाड़ी में गरीब जरूरतमंद, अनाथ छात्र-छात्राओं को स्कूली बैग का वितरण किया गया ! अपना घर सेवा समिति बाड़ी के सचिव भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि 29 जून 2000 को अपना घर आश्रम की स्थापना डॉ. बीएम भारद्वाज एवं उनकी सहधर्मिणी डॉ. माधुरी भारद्वाज द्वारा गांव बझेरा भरतपुर में की गई थी, इस अवसर पर आज अपना घर सेवा समिति पुरुष एवं महिला इकाई बाड़ी के संयुक्त तत्वाधान में स्कूली बैग अनाथ, असहाय, जरूरतमंद बच्चियों को बांटे गए स्कूली बैग पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे, बच्चियों ने कहा



थैंक यू अंकल इस कार्यक्रम के मौके पर अपना घर आश्रम की अध्यक्षा कमलेश गर्ग ने कहा कि संस्था हमेशा असहाय जरूरतमंद, अनाथ लोगों की सेवा में खड़ी है ! इसी क्रम में आज जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूली बैग बांटे गए सचिव भुवनेश्वर शर्मा ने कहा की यह कार्यक्रम अनाथ, असहाय छात्राओं की मदद के साथ-साथ महिला शिक्षा को बढ़ावा देने वाला है कार्यक्रम में अपना घर सेवा समिति महिला इकाई अध्यक्ष विमला गर्ग, कुसुम मित्तल, प्रिसी गर्ग, लता मंगल, नीलम मंगल, संजू गोयल, रश्मि गोयल, नीलू मंगल निर्मला शिवहरे, विद्या जिंदल एवं पुरुष इकाई के संरक्षक गोपाल दास गर्ग, विष्णु महेरे, नीरज गौड, प्रमोद सिंघल, रामनिवास अग्रवंशी, राजेश शर्मा, प्रिंसिपल विनोद कुमार शर्मा, ममता शर्मा, विनोद जिंदल, बशारत अली, मनीष यादव, योगेश पालीवाल, पिंकी पचौरी व्याख्याता मौजूद रहे !

## पुलिस ने अपहरण एवं हत्या मामले का किया खुलासा

# मुख्य आरोपियों सहित पांच दस्तयाब घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी जप्त

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/बाड़मेर (खलील कुरैशी)।** शुक्रवार की रात एक युवक का अपहरण करने की घटना का खुलासा कर पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों सहित पांच जनों को दस्तयाब कर घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी जप्त की है। आरोपियों ने युवक को अगवा कर मारपीट कर हत्या कर दी और शव कुंए में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर युवक का शव कुंए से बरामद कर लिया है। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 1:00 बजे एक अज्ञात बोलेरो वाहन से एक युवक के अपहरण करते हुए दिखाई देने पर इसकी सूचना अभय कमांड द्वारा एसएचओ सदर एवं पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जानकारी की तो पता चला कि अज्ञात बदमाश नेहरो की नाडी हरदानपुरा थाना धनाउ निवासी गणपत सिंह जाट पुत्र गोविंद सिंह उर्फ गोगाराम को अगवा कर ले गए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को सूचना देकर संपूर्ण जिले में नाकाबंदी करवाई गई। स्वयं एसपी घटना स्थल पर पहुंचे। इसी दौरान एसएचओ चौहटन मय टीम द्वारा नाकाबंदी में तीन आरोपियों पुरखाराम जाट पुत्र केशर राम निवासी आटिया एवं प्रकाश जाट पुत्र मूलाराम उर्फ मुकेश कुमार व हरलाल जाट पुत्र टीकमाराम निवासी नेतराड को दस्तयाब कर लिया। जिन्होंने घटना स्वीकार करते हुए बताया कि उनके साथ गोगाराम जाट पुत्र मगाराम, सीताराम जाट पुत्र कल्लाराम निवासी नेतराड एवं भैराराम जाट पुत्र लाधुराम निवासी नेहरो की ढाणी थाना धनाउ भी थे। उन्होंने गणपत सिंह को अगवा कर हत्या कर दी और लाश को कुएं में फेंक दिया थाना धनाउ अंतर्गत बमणोर से हरदानपुरा जाने वाली सड़क के किनारे एक कुएं से अपहृत के परिजनों की उपस्थिति में शव को कुएं से बाहर निकाल एवं मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने राजकीय चिकित्सालय बाड़मेर ले जाया गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है। पुलिस टीम ने घटना के मुख्य आरोपी गोगाराम जाट व भैराराम जाट पुत्र लाधुराम को भी घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन सहित दस्तयाब कर लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी जेताराम जाट की तलाश जारी है।

# सफाई कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**चमकता राजस्थान**

**वैर (राजवीर सिंह)।** प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की प्रमुख आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पत्र प्रेषित कर बजट सत्र 2024-25 में शामिल करने हेतु एससी मोर्चा अध्यक्ष व पूर्व पार्षद महीपाल जादो ने वाल्मीकि/ मेहतर समाज की प्रमुख मांगों को पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को अवगत कराते हुए आठ सूत्रीय मांगों को शामिल करने हेतु पत्र प्रेषित किया जो कि प्रमुख मांगे निम्नलिखित है - प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का पे ग्रेड 1750/ रु से बढ़ाकर 2200/ रु पे ग्रेड करने तथा जनसंख्या के अनुपात को ध्यान में रखते हुए सफाई कर्मचारी भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाकर 50000 हजार कर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए और सफाई भर्ती में वाल्मीकि/ मेहतर समाज के बेरोजगार व्यक्तियों को अनुभव की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए साथ ही सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति डीपीसी सूची के माध्यम से निदेशालय स्तर से प्रतिवर्ष करवाने एवं सफाई कर्मचारी भर्ती में उम्र में दो साल की शिथिलता प्रदान की जाएं और प्रदेश की समस्त निकायों में जमादार के 3000 पद नवसृजित किए जाएं और नवीन सफाई भर्ती की चयन प्रक्रिया लॉटरी पर्ची के माध्यम से निष्पक्ष पार्दर्शिता पूर्ण करवाने व सफाई कर्मचारियों का दैनिक झाड़ू व धुलाई, तेल साबुन आदि भत्ता में बढ़ोतरी की जावे। अतः माननीय मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन किया है कि वाल्मीकि/ मेहतर समाज ने कोरोना काल में अहम भूमिका निभाई थी और ये समाज अतिदुर्बल व पिछड़ा हुआ वर्ग है इसलिए समाजोत्थान हेतु उपर्युक्त बिन्दुओं को बजट सत्र में शामिल किया जावे।

## दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार नौनिहालों को आज पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**चमकता राजस्थान**

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज जिले के 1050 बूथों पर पल्स पोलियो अभियान का आगाज किया जाएगा। जिला स्तर पर जिला कलक्टर निधि बीटी जिला अस्पताल में अभियान का शुभारम्भ करेंगे। अभियान के दूसरे व तीसरे दिन घर-घर दस्तक देकर नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिवकुमार शर्मा ने बताया कि धौलपुर जिले




में 0 से 5 वर्ष के लगभग 2 लाख 9 हजार 64 बच्चों को 30 जून से लेकर 2 जुलाई के मध्य तीन दिन की अवधि में पोलियो की खुराक पिलाई जानी है। हाई रिस्क एरिया, ईट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों के बच्चों पर विशेष फोकस रहेगा। अभियान की सफलता के लिए जिले भर में कुल 1050 बूथ बनाए गए है। 21 ट्रांजिट टीम तथा 18 मोबाइल टीम भी बनाई गई। अभियान की सफलता के लिए 156 सुपरवाइजर भी नियुक्त किए।

## बस्सी थाना पुलिस की अवैध मादक तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# पिकअप से डेढ़ करोड़ रुपये करीब कीमत का 987 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/ चित्तौड़गढ़ (खलील कुरैशी)।** जिले की बस्सी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को मायरा घाटा क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप से 49 कट्टों मे भरा 987 किलो 600 ग्राम अफीम डोडाचुरा जब्त किया हैं। पिकअप की एस्कोटिंग करते एक बाईक चालक को गिरफ्तार कर बाईक भी जब्त की हैं।पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ के लिए सभी एसएचओ व डीएसटी को निर्देश दिए गए। इसी क्रम मे एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिह व डीएसपी ग्रामीण शिवप्रकाश टेलर के पर्यवेक्षण में एसएचओ बस्सी जयेश पाटीदार



मय जाप्ता द्वारा मायरा घाटा पर नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौराने एक बाइक सवार पुलिस कर्मियों को नाकाबन्दी करता हुआ देख मोबाइल से बात करता हुआ नजर आने पर टीम ने उसे रूकवाया। पूछताछ में सवार ने घबराकर बताया कि गांगा जी का खेडा निवासी हेमजी जाट ने उनकी पिकअप की एस्कोर्ट कर लाने के लिए भेजा, जिसको वह एस्कोर्ट कर लेकर आ रहा था जो उसके पीछे पीछे आ रही है। इसी दौरान पीछे से एक पिकअप आती नजर आई, जिसका चालक घुमाव पर घुमते ही थानाधिकारी व पुलिस जाप्ता एवं मोटरसाईकिल चालक को रूकवाया हुआ देखकर नाकाबन्दी स्थल से कुछ दुरी पहले पिकअप को छोडकर जंगल में भाग गया ।डोडाचूरा से भरी पिकअप की तलाशी में 49 कटटो मे भरा 987 किलो 600 ग्राम अफीम डोडाचुरा पाया गयाएस्कोर्ट कर रहे बाईक सवार आरोपी धाकड मौहल्ला सेती थाना सदर चितौडगढ निवासी राहुल धाकड़ पुत्र नानालाल को गिरफ्तार कर अवैध डोडाचूरा, पिकअप व मोटर साईकिल को जब्त किया गया है। मामले में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। इस कार्रवाई में बस्सी थाने के कांस्टेबल नारायण लाल व अनिल कुमार की विशेष भुमिका रही।

## बाड़ी विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही

# विद्युत ग्रेड स्टेशन की अधिकांश मशीनरी संसाधन डले है खराब



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी विद्युत विभाग की चरमराई लाइट व्यवस्था में बड़ी लापरवाही सामने आई है ! विद्युत ग्रेड स्टेशन की अधिकांश मशीनरी संसाधन डाले हैं खराब 33 केवी का मेन ब्रेकर लगभग एक माह से डला है ! खराब,वही सीटीपीटी और ब्रेकर भी डले है ! खराब, जिसके कारण फॉल्ट आने पर नहीं होता ट्रिप, मेंटीनेंस के लिए एक फीडर के बजाय पूरी बाड़ी को करना पड़ता है बंद, वहीं एक पोल पर चल रहे है ! चार से पांच फीडर, एक फिडर बंद होने पर करने पड़ते चार से पांच फीडर बंद, ग्रेड स्टेशन की कमियां और ढुलमुल लटकते तार, जुगाड़ू पद्धति से किया जा रहा मेंटीनेंस कार्य, लाईट की बार - बार ट्रिपिंग की बन रहा वजह, विद्युत डिस्कॉम के एईएन जिम्मेदारी से झाड़ रहे पल्ला, वही एक्सईएन कह रहे है ! जल्द होगा सुधार, बरसात के मौसम में बिना लाईट के उमस भरी गर्मी में तड़प रहे है !बच्चे और बुजुर्ग, बीमार लेकिन जिम्मेदारों को नही है ! लोगो की तड़प का अहसास, प्रशासन नहीं दे रहा इस ओर ध्यान।

## संक्षिप्त समाचार

### 18 वा राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस का किया गया आयोजन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण )**धौलपुर, 29 जून को जिला स्तरीय राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस का आयोजन सांख्यिकी विभाग के द्वारा होटल सुंदरम में किया गया ।आयोजन में मुख्य अतिथि मुख्य आयोजना अधिकारी भरत राव रहे। इन्होंने बताया की हमे सांख्यिकी के महत्व को और उनके सिद्धांतो को दैनिक जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक सांख्यिकी विभाग मुकेश कुमार ने की। सांख्यिकी दिवस की थीम निर्णय लेने में आंकड़ों की भूमिका ₹ विषय पर सभी सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।उपनिदेशक ने बताया की आंकड़ों के माध्यम से ही सरकार और नीति निर्माताओं द्वारा किए गए सर्वे क्षेत्र में विकास और योजनाएं बनाने के संदर्भ में निर्णय लिए जाते है।ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी अमृतलाल मीना ने बताया की दैनिक जीवन में भी हम आंकड़ों के आधार पर ही घरेलू बजट को प्रयोग में लेते है। सांख्यिकी अधिकारी मनोज सिंघल ने चुनाव, मतगणना, आदि में सांख्यिकी के महत्व पर प्रकाश डाला। मनोज गुर्जर ए एस ओ ने प्रश्ननोत्तरी के माध्यम से विभाग के बारे में जानकारी साझा की।सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विभाग द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिले में विभिन्न विभागों में कार्यरत स्वास्थ विभाग,पंचायती राज विभाग ,शिक्षा विभाग, आरएसआरडीसी ,आयोजना विभागादी में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया ।

### दौलत शर्मा बने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रान्त अभ्यास वर्ग 24 से 27 जून टोंक में सम्पन्न हुआ। जिसमें राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चैहान, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अश्वनी शर्मा, रा.स्व.से.सं. के प्रान्त प्रचारक बाबूलाल, प्रान्त संगठन मंत्री पूरन जी व उपमन्यु जी का प्रवास रहा। जिसमें प्रान्त अध्यक्ष डॉ. जिनेश जैन द्वारा संगठन दृष्टि से प्रान्त के विविध दायित्वों की घोषणा की। जिसमें कंजौली निवासी दौलत शर्मा को जिला संयोजक का दायित्व दिया गया। उल्लेखनीय है कि दौलत शर्मा पिछले कई वर्षों से एबीवीपी के साथ जुडकर संगठन राष्ट्र, समाज व छात्र हित में कार्य कर रहे हैं। टोंक में आयोजित चार दिवसीय प्रान्त अभ्यास वर्ग में जिला संयोजक का दायित्व दूसरी बार दिया गया है। दौलत वर्तमान में महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय से एमएससी की पढ़ाई कर रहे हैं। वर्ष 2017 में एबीवीपी से जुडने के बाद उन्हें इकाई उपाध्यक्ष, जिलाएसएफडी संयोजक, नगर मन्त्री, प्रान्त एसएफएस संयाजक आदि दायित्वों का निर्वहन किया है। 2024 में उन्हें जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। इस नियुक्ति पर दौलत ने संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### सचिवालय कर्मचारी संघ की भरतपुर की नेहा शर्मा बनी उपाध्यक्ष



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** भरतपुर की नेहा शर्मा को राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने पर परिवारजनों एवं शहर वासियों ने खुशी जताई है। जयपुर के शासन सचिवालय परिसर में गुरुवार को राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मुख्य सचिव सुधांशु पंत की उपस्थिति में जवाहर नगर निवासी नेहा शर्मा को उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई तथा उनका माला पहनकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश शर्मा व उपाध्यक्ष नेहा शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों के कल्याण व हित के लिए कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

### केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने सुनी आमजन की समस्या

- संबंधित विभागों को आमजन की समस्याओं के निस्तारण के संबंध दिये आवशयक दिशा-निर्देश



**चमकता राजस्थान।** श्रीनगर ( रघुनन्दन पारीक) श्रीनगर अजमेर जनसुनवाई में प्राप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों को जल्द निस्तारण हेतु किया निर्देशित केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी शनिवार को दिल्ली से किशनगढ़ पहुँचे।किशनगढ़ स्थित आवास पर सुबह से ही बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं आमजन अपनी अनेक समस्याओं को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री के पास पहुंचे। जिसपर राज्य मंत्री चौधरी ने जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना एवं विभिन्न क्षेत्रो से आयी जनता से मुलाकात की। जनसुनवाई में प्राप्त समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आवशयक निर्देश दिए।

# जवाहर कला केंद्र के शिल्प ग्राम में जिला स्तरीय मिलेट मेला आयोजित

## मोटे अनाज के सेवन के प्रति आमजन को किया गया प्रोत्साहित

चमकता राजस्थान





**जयपुर। (खलील कुरैशी) 29 जून।** एफएसएसएआई की तरफ से पूरे देश में मिलेट्स अर्थात मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए मिलेट्स मेलों का आयोजन करवाया जा रहा है। आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण नियंत्रण राजस्थान जयपुर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर की ओर से दिनांक 29 जून, शनिवार को जेएलएन मार्ग स्थित जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में जिला स्तरीय मिलेट मेले का आयोजन हुआ। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा मोटे अनाज (श्री अन्न) की उपयोगिता एवं गुणवत्ता की जागरूकता हेतु आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए एक दिवसीय मिलेट्स मेले का सफल आयोजन किया गया।शिल्पग्राम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण पंकज ओझा, निदेशक आरसीएच डॉ. एस. एस. राणावत, संयुक्त निदेशक, जयपुर जोन डॉ. नरोत्तम शर्मा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर टीकाकरण डॉ. रघुराज सिंह, एडिशनल डायरेक्टर जवाहर कला केंद्र प्रियंका जोधा, सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत, मुख्य खाद्य विश्लेषक, केंद्रीय प्रयोगशाला

डॉ. करण सिंह सहित जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी, चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व अतिथि स्वागत के बाद सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत द्वारा स्वागत संबोधन हुआ। उन्होंने विस्तार से मिलेट फेयर का परिचय दिया। इसके बाद प्रोजेक्ट डायरेक्टर टीकाकरण डॉ. रघुराज सिंह ने मिलेट्स के सेवन के प्रति जागरूकता बरतकर दैनिक जीवन मे अपनाने की बात कही।इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण पंकज ओझा ने अपने संबोधन में दैनिक जीवन मे मिलेट्स की अवधारणा और महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विभाग की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान की अभूतपूर्व सफलता को साझा करते हुए मिलावट खोरों पर की गई कार्यवाहियों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधित जानकारी देते हुए स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत असर को व्याख्यायित किया। उन्होंने वर्तमान में उपयोग किए जा रहे फास्ट फूड के नुकसानों के प्रति आमजन को सावचेत किए जाने और विभिन्न जनजागरूकता माध्यमों द्वारा मिलेट्स अपनाने के लिए प्रेरित किए जाने की बात कही।निदेशक आरसीएच डॉ. एस. एस. राणावत ने परंपरागत पौष्टिक खाद्यान्न के महत्व को व्याख्यायित करते हुए इससे होने वाले लाभ के विषय मे बताया। मोटे अनाज के महत्व को उन्होंने परंपरागत ढंग से समझाते हुए इसके गुणों पर प्रकाश डाला। मुख्य खाद्य विश्लेषक, केंद्रीय प्रयोगशाला डॉ. करण सिंह ने शुद्ध आहार हेतु की जा रही कार्यवाहियों के बारे में बताते हुए खाद्य प्रयोगशालाओं के संचालन पर सारगर्भित जानकारी दी।हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जी. एल. शर्मा ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए मोटे अनाज के सेवन से हृदय और शरीर के अन्य अंगों पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा करते हुए दैनिक जीवन मे मिलेट्स अपनाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत मे खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जयपुर द्वितीय श्री दीपक सिंधी ने अतिथियों व आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।मेले के दौरान प्रश्नोत्तरी, पोस्टर व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमे प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया। इसके बाद अतिथियों द्वारा मेले का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही मेले में मिलेट्स अर्थात मोटे अनाज जैसे ज्वार बाजरा रागी कुट्टू आदि से बनने वाली विभिन्न प्रकार की स्वादिष्ट तथा पोषक रेसिपीज का प्रदर्शन किया गया तथा आम जनता को अधिक से अधिक मोटे अनाज के सेवन हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## राहुल गांधी की नजर.. 261 सीटों पर

# कांग्रेस का शुरू हुआ 'मिशन विधानसभा'



नयी दिल्ली/एजेंसी

लोकसभा चुनाव के बाद अब राहुल गांधी की नजर 261 सीटों पर है। ये 261 सीटें लोकसभा की नहीं.. और ना ही राज्यसभा की हैं। ये 261 सीटें विधानसभा की हैं। इस साल 4 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राहुल गांधी अब फुल एक्शन में हैं। तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव को लेकर राहुल अभी से महामंथन में जुट गए हैं।

### चुनाव खत्म होते ही अगले चुनाव की तैयारी

असल में एक चुनाव खत्म होते ही अगले चुनाव की तैयारी। ये रणनीति एक समय में बीजेपी के लिए कही जाती थी, लेकिन अब इस नीति पर राहुल गांधी ने अमल तेज कर दिया है। राहुल गांधी अभी-अभी नेता विपक्ष बने हैं..और इसके साथ ही उन्होंने आने वाले चुनावों की रणनीति भी बनानी शुरू कर दी है। अगले कुछ महीनों में राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और राहुल अपने रणनीतिकारों के साथ मिलकर उसकी तैयारी में जुट गए हैं।

### जम्मू कश्मीर में चुनाव की प्लानिंग

पहला नंबर जम्मू कश्मीर का नंबर था। कांग्रेस पार्टी जम्मू कश्मीर में चुनाव की प्लानिंग पर काम कर रही है। जम्मू में कांग्रेस का शासन 16 साल पहले तक हुआ करता था..अब राहुल गांधी की कोशिश होगी कि कैसे कांग्रेस जम्मू कश्मीर में फिर से सत्ता में वापसी करे।

### ● झारखंड और हरियाणा विधानसभा चुनाव

इससे पहले राहुल गांधी ने झारखंड और हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भी बैठक थी। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राज्य के नेताओं से बात कर ये जानने की कोशिश कर रहे हैं कि पार्टी उन राज्यों में अकेले चुनाव लड़े या फिर गठबंधन के साथ।

» हरियाणा में विधानसभा की 90 सीटें हैं

» झारखंड में 81 और जम्मू कश्मीर में 90 सीटें हैं

» इस हिसाब से 3 राज्यों में विधानसभा की 261 सीटें हैं...






# मुख्य सचिव सुधांश पंत ने किया सरकार का बचाव कहा पिछली सरकार में परीक्षा में हुई गड़बड़ियां

चमकता रास्थान

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्य सचिव सुधा पंत ने अपने ऊपर विपक्ष के हो रहे लगातार हमलों पर पलटवार करते हुए इशारों इशारों में शनिवार को जयपुर में आयोजित रोजगार उत्सव के दौरान कांग्रेस को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में पेपर लीक और परीक्षाओं में कई गड़बडियां हुई। इसके कारण युवाओं को काफी नुकसान हुआ। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि राजस्थान की भजनलाल सरकार इस दिशा में ठोस और सकारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाते हुए आश्वासन दिया कि परीक्षा प्रणालियों को अब ठीक कर लिया गया है, अब युवाओं के भविष्य को ना तो खराब होने दिया जाएगा, न हीं उनके भरोसे को टूटने दिया जाएगा।




### पेपर लीक पर हुई प्रभावी कार्रवाई !

» सुधांश पंत ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान हुई गड़बडियों को लेकर भजन लाल सरकार ने पेपर लीक मामले में पिछले 6 महीने में प्रभावी कार्रवाई की है। सीएम की कोशिश है कि युवाओं को ना केवल रोजगार दिए जाएं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खोले जाएं। नई सरकार के गठन के साथ ही एंटी चीटिंग टास्क फोर्स के गठन किया।


## एक नजर

### जनता के हित से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिये सदैव रहेंगे तत्पर: राकेश



**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शुक्रवार को पश्चिम विधानसभा के गुप्तेश्वर वार्ड के राम मंदिर परिसर और गिरीराज किशोर कपूर वार्ड के भोले कुटी में जाकर विकास कार्यों को लेकर चौपाल की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रेम नगर में जल प्लावन की समस्या को लेकर जल्द ही ठोस कार्यवाही की जायेगी। जिससे आगामी समय में क्षेत्र के लोगों को जल प्लावन की समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि जितने भी विकास कार्यों के भूमिपूजन हो चुके है उनके टेंडर हो चुके है, अब शीघ्र ही वे कार्य शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हमारी ताकत है, इसलिये हर वार्ड में आकर कार्यकर्ता व आम जन से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण का रास्ता निकाला जा रहा है।

### भूटानी शरणार्थी प्रकरण के प्रमुख अभियुक्त को गिरफ्तार कर भारत ने नेपाल को सौंपा



**काठमांडू।** नेपाल के हाई-प्रोफाइल नकली भूटानी शरणार्थी मामले के प्रमुख अभियुक्त को भारत में गिरफ्तार कर नेपाल को सौंपा गया है। नकली भूटानी शरणार्थी मामले में एक हाई-प्रोफाइल आरोपित बेचन झा को बीती रात भारत की बिहार पुलिस ने नेपाल के केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के हवाले किया है। सीआईबी के प्रवक्ता हवीन्द्र बोगटी ने बताया कि हमारे अनुरोध पर बिहार पुलिस ने रक्सौल-बीरगंज सीमा पर बेचन झा का हस्तांतरण किया है। बेचन झा पर नकली भूटानी शरणार्थी को अमेरिका भेजने के मामले में प्रमुख भूमिका निभाने का आरोप है। उसकी निकटता नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा परिवार से है। भूटानी शरणार्थी मामले में पिछले चौबीस घंटे में यह दूसरी बड़ी गिरफ्तारी है। कल ही इस मामले में सीआईबी ने पूर्व गृहमंत्री रामबहादुर थापा के बेटे प्रतीक थापा को गिरफ्तार किया था। दोनों ही आरोपित को रविवार को कोर्ट में पेश कर उनकी रिमांड ली जाएगी।

### राजकोट : हीरासर हवाईअड्डे पर यात्री पैसेज की कैनोपी टूटी, बड़ा हादसा टला

**राजकोट।** राजकोट के हीरासर स्थित ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शनिवार सुबह यात्रियों के लिए बनी कैनोपी टूट गई। राजकोट में दो दिनों से तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। बताया गया कि इसी वजह से कैनोपी टूट गई। कैनोपी के नीचे किसी यात्री के नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। राजकोट हीरासर हवाईअड्डा के निदेशक दिगंत बहोरा ने बताया कि बारिश के कारण कैनोपी पर पानी जमा था, जिसके कारण यह टूट गई। दुर्घटना अस्थाई टर्मिनल के बाहर हुई है।

### बाउंसर की गोली मारकर हत्या

**गुरुग्राम।** बाइक सवार दो हमलावरों ने शुक्रवार की देर रात गांव उल्लावास में 25 वर्षीय बाउंसर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सेक्टर-65 पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। शनिवार को पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हत्यारोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव कादरपुर निवासी अनुज बाउंसर का काम करता था। शुक्रवार की रात को वह गांव उल्लावास में था। इसी दौरान बाइक पर जोमैटो और ब्लिंकिट टी-शर्ट पहने दो युवक आए और उस पर गोलियां चला दीं। इससे पहले कि अनुज कुछ समझ पाता, उसे पांच गोलियां मार दी गई। गोली मारकर आरोपी मौके से भाग गए।

### सिलेंडर ले जा रहा ट्रक जैगन नदी में गिरा

**अल्मोड़ा।** रसोई गैस सिलेंडर ले जा रहा एक ट्रक सेराघाट क्षेत्र में जैगन नदी में गिर गया। इस दुर्घटना में ड्राइवर सहित दो की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार देर शाम की है। एलपीजी सिलेंडर लेकर हल्द्वानी से बेरीनाग की ओर जा रहा ट्रक संख्या-यूके 04 सीबी-3110 अल्मोड़ा-सेराघाट मोटर मार्ग पर मंगलता से आगे टानी के पास अचानक अनियंत्रित होकर जैगन नदी में गिर गया। ट्रक में लदे सभी सिलेंडर खाई व नदी में गिर गए। सूचना के बाद धौलछीना थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल ट्रक ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति को बाहर निकाल सीएचसी धौलछीना पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शिमला।** ठियोग उपमण्डल में पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने एक नशा तस्कर को अफीम और करीब अढ़ाई लाख की नगदी के साथ पकड़ा है। पुलिस के स्पेशल सेल की टीम ढली, कुफरी, फागू और ठियोग क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक तस्कर नशे के सामान के साथ घूम रहा है। सूचना के आधार पर ठियोग के राहीघाट में पुलिस कर्मियों ने छापेमारी की।

## प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था सीएमएस में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

# शिक्षण कला में नये अनुसंधान की जरूरत: योगी

● छोटी-छोटी लोकोक्तियों के माध्यम से हमें शिक्षा को मनोरंजक बनाना होगा



**लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शिक्षकों का सम्मान देश की वर्तमान और भावी पीढ़ी का सम्मान है। बच्चों में मानवीय संवेदनाओं को जागृत करना ही एक शिक्षक का परम दायित्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षण कला में नये-नये अनुसंधान करने होंगे। विद्यार्थियों को उबाऊ कक्षाओं से उबारकर कैसे मनोरंजक शिक्षा की ओर ले जाया जा सकता है, शिक्षकों को इसका ध्यान रखना होगा। मुख्यमंत्री शनिवार को गोमती नगर विस्तार में स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था सीएमएस में शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने सीएमएस के संस्थापक डॉ जगदीश गांधी की स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने सीएमएस की संस्थापिका और चेयरमैन डॉ भारती गांधी की भी इस बात के लिए प्रशंसा की कि उन्होंने डॉ जगदीश गांधी जी के साथ अलीगढ़ से आकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इस विशाल वटवृक्ष को रोपने का कार्य किया। कहा कि आज यह वटवृक्ष हजारों विद्यार्थियों को अपनी छाया प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ भारती गांधी ने सीएमएस को प्रदेश का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ जगदीश गांधी विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानने वाले व्यक्ति थे। सीएम ने डॉ जगदीश गांधी और अपने संबंधों की चर्चा भी की।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान हमारे वर्तमान और भावी जीवन का सम्मान है। जो देश के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं उनका सम्मान करना अपने आप में सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि शिक्षण व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान कठिन परिश्रम है। परिश्रम से ही हमें अंतःकरण की खुशी मिलती है। सीएम योगी ने अपने विद्यार्थी जीवन की भी चर्चा करते हुए कहा कि छोटी-छोटी लोकोक्तियों के माध्यम से हमें शिक्षा को मनोरंजक बनाना होगा। बच्चों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा, साथ ही उनकी क्षमताओं का भी ध्यान रखना होगा। बच्चों के साथ जबरदस्ती न हो, इसके लिए हमें धीरे-धीरे उन्हें प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएमएस के पास एक अनुभवी लीडरशिप है। हजारों परिवार अपने बच्चों को बेझिझक सीएमएस में भेजते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि यहां जो शिक्षा दी जाएगी वो उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि ये अच्छी बात है कि हम अपने बच्चों कों आईएएस और आईपीएस बनाएं, मगर उससे भी ज्यादा जरूरी है कि हमारे बच्चे एक अच्छे राष्ट्रभक्त नागरिक बनें। हमें बच्चों में मानवीय संवेदनाओं को जागृत करना है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के लिए सीएमएस प्रबंध समिति का आभार जताया। साथ ही ये उम्मीद भी जताई कि सीएमएस से निकले छात्र-छात्राएं देश दुनिया में अपनी प्रतिभा का प्रभाव पैदा करेंगे। इस अवसर पर सीएमएस के शिक्षक-शिक्षिकाएं और प्रबंध समिति से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण में संलिप्त भ्रष्टाचारी अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी चले बुलडोजर : शांता

**पालमपुर। एजेंसी**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराध के विरूद्ध बुलडोजर का नया उपयोग सबको बताया है और प्रदेश भी उसी प्रकार से अपराधियों के विरूद्ध बुलडोजर का उपयोग कर रहे हैं उन्होंने उन सबको बधाई दी है। शांता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि मुझे एक बात की हैरानी और चिन्ता है कि बुलडोजर चलने से नश्ट होनी वाली लाखों करोड़ों रू. की सम्पत्ति एक दिन में नही बनी। जब यह बन रही थी तो भी सरकार वहीं थी। किसी ने रोका क्यों नही। अवैध निर्माण यदि बनने से पहले ही रोक लिया जाए तो यह नौवत नही आयेगी। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा निर्माण होता रहा। सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी भ्रश्टाचार से अपनी जेंबे भरते रहे आंखे बन्द रखी और कई वर्शो बाद अब उसी निर्माण को तोड़ा जा रहा हैं।

आखिर करोड़ों की राश्ट्रीय सम्पत्ति के नश्ट होने की जिम्मेबारी किसकी है। शांता कुमार ने योगी से प्रार्थना की है कि बुलडोजर से तोड़े जाने वाले अवैध निमार्ण के समय जो अधिकारी/ कर्मचारी भ्रश्टाचार के कारण आंखें बन्द करके देखते रहे उन्हें भी दण्डित किया जाना चाहिए। यदि सेवानिवृत हो गये हो तो भी उन्हें सजा मिलनी चाहिए। यह बुलडोजर केवल अवैध निर्माण पर ही नहीं बल्कि अवैध निर्माण होने देने वाले भ्रश्टचारी अधिकारियों/कर्मचारियों पर भी चलना चाहिए।

## जबलपुर: मिट्टी की उर्वरा क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं केंचुए

**जबलपुर। एजेंसी**



मिट्टी के महत्वपूर्ण जीवों में केंचुआ एक है। केंचुए में मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखने की क्षमता होती है। इसलिए मिट्टी की उर्वरा क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन्हें किसान का मित्र, खेत का हल चलाने वाला, धरती की आंत, पारिस्थिति के इंजीनियर और जैविक संकेतक के रूप में भी जाना जाता है। कृषि उपसंचालक रवि आम्रवंशी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि केंचुए किसानों के सच्चे मित्र और सहायक है। आम्रवंशी के मुताबिक भारत में कई जातियों के केंचुए पाये जाते हैं। इनमें से केवल दो ऐसे हैं जो आसानी से प्राप्त होते हैं। एक है फेरिटाइमा और दूसरा है यूटाइफियस। फेरिटाइमा पॉसथ्यूमा सारे भारत वर्ष में मिलता है। फेरिटाइमा की वर्म कास्टिंग मिट्टी की पृथक गोलियों के छोटे ढेर जैसी होती है और यूटाइफियस की कास्टिंग मिट्टी की उठी हुई रेखाओं के समान होती है। इनका मिट्टी खाने का ढंग लाभदायक है। ये भूमि को एक प्रकार से जोतकर किसानों के लिये उपजाऊ बनाते हैं। वर्मकास्टिंग की ऊपरी मिट्टी सूख जाती है, फिर बारीक हो कर भूमि की सतह पर फैल जाती है। इस तरह जहाँ केंचुए रहते हैं वहाँ की मिट्टी पोली हो जाती है, जिससे पानी और हवा भूमि के भीतर सुगमता से प्रवेश कर सकती है। इस प्रकार केंचुए हल के समान कार्य करते हैं।

कृषि उपसंचालक ने बताया कि एक एकड़ में लगभग 10 हजार से ऊपर केंचुए रहते हैं। ये केंचुए एक वर्ष में 14 से 18 टन या 400 से 500 मन मिट्टी भूमि के नीचे से लाकर सतह पर एकत्रित कर देते हैं। इससे भूमि की सतह 1/5 इंच ऊंची हो जाती है। यह मिट्टी केंचुओं के पाचन अंग से होकर आती है, इसलिये इसमें नाइट्रोजन युक्त पदार्थ भी मिल जाते हैं और यह खाद का कार्य करती है। इस प्रकार ये मनुष्य के लिये भूमि को उपजाऊ बनाते रहते हैं। आम्रवंशी ने कहा कि यदि इनको पूर्ण रूप से भूमि से हटा दिया जाये तो हमारे लिये समस्या उत्पन्न हो जायेगी। यह महत्वपूर्ण है कि मिट्टी में इन छोटे जीवों को किसी भी कीमत पर संरक्षित किया जाये ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ये मानव जाति को अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान करना जारी रखें।

### भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुःखद : राहुल



**नई दिल्ली।** रायबरेली से सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख त्रासदी में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। आज शनिवार 29 जून को सोशल मीडिया एक्स पर संवेदना व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा लद्दाख में टैंक से नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा सभी शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं, उनका समर्पण, सेवा और बलिदान देश सदा याद रखेगा।

## टेक्नोलॉजी और आधुनिक शिक्षा से बना रहे बच्चों का बेहतर भविष्य : संदीप सिंह

**लखनऊ। एजेंसी**



सर्वसमाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए योगी सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में हर एक विद्यालय तक अपनी पहुंच बनाई है। वर्ष 2017 की तुलना में आज के परिदृश्य में परिषदीय विद्यालयों की स्थिति में जमीन-आसमान का अंतर दिखने लगा है। सरकार और विभागीय प्रयासों से अब तक प्रदेश के लगभग 95 प्रतिशत विद्यालयों में 19 बिंदुओं पर होने वाले कार्य पूर्ण हो चुके हैं। सौ प्रतिशत के लक्ष्य को जल्दी ही प्राप्त कर लिया जायेगा। यह बातें प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने शनिवार को कहीं। लोकभवन सभागार में आयोजित बेहतर शिक्षा, उन्नत भविष्य कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है। अपने बच्चों को टेक्नोलॉजी और आधुनिक शिक्षा से दूर रखकर उनके बेहतर भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रदेश के सभी 02 लाख 09 हजार 863 विद्यालयों को दो-दो टेबलेट उपलब्ध करावाकर बच्चों की बेहतर पढ़ाई को सुनिश्चित करने का कार्य किया है।

बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए 880 आईसीटी लैब्स भी स्थापित हुए हैं। 18 हजार 381 परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना करने का कार्य भी पूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि उत्तर प्रदेश की शिक्षा को देश में प्रथम स्थान हासिल हो। इस संकल्प को पूरा करने की ओर उत्तर प्रदेश का बेसिक शिक्षा विभाग लगातार अग्रसर है। बेसिक शिक्षा व्यवस्था को हम मजबूत और सुदृढ़ बनाने का प्रयास जारी रखे हुए हैं। इस दौरान ड्रेस,जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग की खरीद के लिए एक छात्र-छात्रा के अभिभावक के बैंक अकाउंट में 12 सौ की धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ।

### पार्टी की जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाऊंगा : जितेन्द्र

**जालौन।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के हाईकमान ने 31 साल के युवा जितेंद्र दयालु पर अपना भरोसा जताते हुए जिलाध्यक्ष बनाया है। शनिवार को परिषद रोड स्थित आयोजित पत्रकार वार्ता में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहाकि हमारा जिला बहुजन समाज पार्टी का गढ़ रहा है। पहले की तरह ही जिले में शहर से लेकर गांवों तक बहुजन समाज पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे। पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। जितेन्द्र दयालु ने कहा कि जिले में बहुजन समाज पार्टी हमेशा मजबूत रही है। अधिक मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता से संपर्क स्थापित कर उसकी बात को सुनेंगे। पार्टी नेताओं ने उनको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूरा करेंगे। खुद भी कड़ी मेहनत करेंगे और कार्यकर्ताओं को भी प्रेरित करने का कार्य किया जाएगा। जल्दी ही नए सिरे से कार्यकारिणी का गठन कर उसका विस्तार होगा। युवा कार्यकताओं को विशेष तरजीह दी जाएगी, ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से जिले में बसपा का परचम पहर सके।

## महाराष्ट्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ दर्शन योजना शुरू करेंगे : शिंदे

**मुंबई। एजेंसी**



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को विधानसभा में कहा कि राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू की जाएगी। इस योजना के लिए नियमावली तैयार करने के बाद इसके लिए अलग से निधि आवंटित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थयात्रा की इच्छा रहती है। बहुत से लोग जो समर्थ रहते हैं, उनके लिए यह मुश्किल नहीं रहता है। सूबे में ऐसे भी बहुत से लोग हैं, जो आर्थिक अड़चन की वजह से तीर्थयात्रा नहीं कर पाते हैं। इसीलिए राज्य सरकार ने इस योजना की घोषणा की है। इस योजना के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ स्थलों के दर्शन कराये जायेंगे।

विधानसभा में शिंदे समूह के विधायक प्रताप सरनाईक ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से यह प्रस्ताव लाया था। इस प्रस्ताव के माध्यम से प्रताप सरनाईक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू करने की मांग की थी। इसी प्रस्ताव का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में किसानों, मजदूरों, श्रमिकों, कामगारों, महिलाओं, युवाओं के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ स्थलों की यात्रा को आसान बनाने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू की जा रही है। इस योजना को क्रमिक आधार पर ऑनलाइन आवेदन मंगाकर लागू किया जाएगा।

# अपराध पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई की जाएगी: दीपक

**हिसार। एजेंसी**

● नशीले पदार्थों व साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी



जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा है कि पुलिस द्वारा संगठित अपराध पर रोक लगाने के लिए प्रभावशाली कार्रवाई की जाएगी। संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों पर कमरतोड़ कार्रवाई की जाएगी तथा उनके सहयोगियों व गिरोह सहित पूरे आपराधिक तंत्र को पूर्णतया ध्वस्त किया जाएगा। यही नहीं, अपराधियों को सूचना व पनाह देने वालों के खिलाफ भी उदाहरणात्मतक कार्रवाई की जाएगी।

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण शुक्रवार देर सायं कार्यभार संभालने उपरांत अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक देर रात तक चली। उन्होंने कहा कि संगठित अपराध के साथ जिले में नशा उन्मूलन, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने सहित साइबर अपराध नियंत्रण करने तथा महिला विरुद्ध अपराध सहित सभी तरह के अपराधों पर रोक लगाने पर उनकी प्राथमिकता रहेगी।

नशीले पदार्थों व साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण तथा हिसार में सुगम यातायात बनाने के लिये भरकस प्रयास किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने पुलिस लाइन स्थित आधिकारिक मेस में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों और थाना प्रबंधकों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में कहा कि हिसार में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स से हमारी तनख्वाह आती है। हमारी जिम्मेवारी है कि उनके जानमाल की रक्षा करें। कानून के दायरे में रहते हुए बदमाशों का खात्मा करें और गलत काम करने वालों को उनके अंजाम तक पहुंचाए। थाना या चौकी में आने वाले किसी भी आगंतुक से सभ्य तरीके से पेश आएं, भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा, ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन में पुलिस उपस्थिति बढ़ाएं।

सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना और चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में प्रभावी गश्त कर जिले में होने वाली अवैध गतिविधियों की की रोकथाम सुनिश्चित करें। इससे पहले जिला करनाल से स्थानांतरित होकर आए नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण का पुलिस लाइन स्थित आधिकारिक मेस पहुचने पर पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया। सहायक पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार मोहन ने गुलदस्ता भेंट कर पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया।

## बीस साल से अधिक समय हो गया लेकिन काम पूरा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण : पौडेल

**काठमांडू। एजेंसी**

चीन की कंपनी की तरफ से काठमांडू रिंगरोड का निर्माण कार्य पूरा नहीं करने के विरोध में शुक्रवार को सांसद ने रिंगरोड पर पैदल मार्च किया। चीन सरकार के तरफ से बनाए जा रहे काठमांडू के रिंगरोड का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं होने के कारण काठमांडू के सांसद प्रदीप पौडेल ने अपने समर्थकों के साथ पैदल मार्च किया। रिंगरोड का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने या काम छोड़ देने की मांग करते हुए यह पैदल मार्च किया गया है। मार्च के दौरान सांसद प्रदीप पौडेल ने कहा कि चीन सरकार को चाहिए कि या तो वो इस काम को पूरा करे अन्यथा नेपाल सरकार को अपने हाथ में यह काम ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रिंगरोड निर्माण का ठेका लिए हुए 20 साल से अधिक समय हो गया लेकिन अब तक इसका पूरा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सड़क नहीं बनने से लोगों को परेशानी नहीं हो रही है।

सांसद प्रदीप पौडेल सहित कुछ अन्य सांसदों ने संसद में इस विषय को लेकर संकल्प प्रस्ताव दिया गया है। जिसमें सरकार से मांग की गई है कि या तो चीन तय समय सीमा पर यह काम पूरा करे या फिर नेपाल सरकार इस ठेका को रद्द कर खुद काम शुरू करें। जिसके बाद चीनी राजदूत छेन सोंग ने सांसद प्रदीप पौडेल से मुलाकात कर अपनी आपत्ति जताई थी।

### ऋतु खण्डूरी भूषण ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की भेंट

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी भूषण ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। इस दौरान उन्होंने ओम बिरला को पुनः लोकसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनना ऐतिहासिक क्षण है। 17वीं लोकसभा में उनकी अध्यक्षता में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए जिन्हें सदैव संसदीय इतिहास भी याद रखेगा। लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिलने के साथ संसदीय मयार्दाओं का एक नूतन अध्याय रचा जाएगा। ओम बिरला की अध्यक्षता के दौरान देश को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की ओर से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ऐतिहासिक कदमों को मजबूती मिलेगी।

## एक नजर

### कोपा अमेरिका 2024: ब्राजील ने जीत के साथ वापसी की, पैराग्वे को बाहर किया




**लास वेगास।** विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में दो गोल करके ब्राजील को शुक्रवार रात पैराग्वे पर 4-1 से जीत दिलाई और कोपा अमेरिका में ग्रुप डी से आगे बढ़ने की स्थिति में पहुंचा दिया। विनिसियस के अलावा साविन्हो ने ब्राजील के लिए पहले हाफ में गोल किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया। पैराग्वे के लिए उमर एल्डेरेटे ने एकमात्र गोल किया। मैच में पांच पीले कार्ड और एक रेड कार्ड के साथ कई तनावपूर्ण क्षण आए। 81वें मिनट में एंड्रेस क्यूबास को रेड कार्ड देकर लिए बाहर भेज दिया गया, जिससे पैराग्वे को मैच का आखिरी हिस्सा 10 खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। ब्राजील के वेंडेल, जूनियर और पाक्वेटा तथा पैराग्वे के फैबियन बालबुएना और हर्नेस्टो कैबलेरो को येलो कार्ड दिए गए। चार अंकों के साथ, ब्राजील ग्रुप लीडर कोलंबिया से दो अंक पीछे है, जिसने शुक्रवार को कोस्टा रिका को 3-0 से हराया था। मंगलवार को कोलंबिया के खिलाफ ब्राजील की जीत या बराबरी से नॉकआउट चरण में ग्रुप के दो स्थानों में से एक सुनिश्चित हो जाएगा। पैराग्वे के खिलाफ मैच में ब्राजील ने अच्छी शुरुआत की।

### पंजाब एफसी ने पानागियोटिस डिलम्पेरिस को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया



**मोहाली।** पंजाब एफसी (पीएफसी) ने आगामी आईएसएल 2024-25 सीजन के लिए पानागियोटिस डिलम्पेरिस को मुख्य कोच नियुक्त किया है। कोंस्टांटीनोस कटारस उनके साथ सहायक कोच और पापाइआन्नू इयोनिस स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में शामिल होंगे। पीएफसी में शामिल होने से पहले, डिलम्पेरिस ने पिछले सीजन में ए. ई. एर्मियोनिडा एफसी के मुख्य कोच के रूप में काम किया था। उनके 15 साल के व्यापक कोचिंग करियर में इराकलिस लारिसास एफसी, रोचेस्टर एनवाई एफसी, पैनसेराइकोस एफसी, और अन्य उल्लेखनीय टीमों में काम करना शामिल है। अपने कोचिंग कार्यकाल से पहले, डिलम्पेरिस का 17 साल का खेल करियर गोलकीपर के रूप में था, जिसमें उन्होंने इराकलिस एफसी और एग्रोटिकोस एस्टेरस जैसे क्लबों के साथ-साथ कई अन्य क्लबों का प्रतिनिधित्व किया।

### यूएई के बल्लेबाज मोहम्मद उस्मान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** यूएई के बल्लेबाज मोहम्मद उस्मान ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। लाहौर में जन्मे मध्यक्रम के बल्लेबाज ने छह वर्षों में 85 अंतरराष्ट्रीय मैचों (38 वनडे और 47 टी20) में यूएई का प्रतिनिधित्व किया। उस्मान ने फरवरी 2016 में नीदरलैंड के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया और उसके कुछ महीने बाद स्कॉटलैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया। कुल मिलाकर, उन्होंने 38 वनडे में 31.50 की औसत से 1008 रन बनाए, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं, जबकि 47 टी20 में उन्होंने तीन अर्द्धशतकों के साथ 891 रन बनाए। वह 2016 में एशिया कप टीम का भी हिस्सा थे, जहां उन्होंने सात मैचों में 176 रन बनाए और यूएई के शीर्ष स्कोरर रहे। उस्मान का जन्म लाहौर में हुआ था और उन्होंने पांच प्रथम श्रेणी और 58 लिस्ट-ए मैच खेले हैं। उनके 1517 लिस्ट-ए रन 34.47 की औसत से आए और इसमें नौ अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है। उन्होंने आखिरी बार फरवरी 2022 में ओमान और नेपाल के खिलाफ क्रमशः एकदिवसीय और टी20 मैच खेला था। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि रिटायरमेंट के बाद भी वह क्रिकेट का हिस्सा बने रहेंगे।

# हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय टीम घोषित की

● मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन को कड़ी चुनौती दी



**बेंगलुरु। एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने शनिवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 1 जुलाई से 31 अगस्त तक साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर में प्रशिक्षण के लिए वापस आएगी। भारतीय महिला हॉकी टीम लंदन और एंटवर्प में अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 सीजन के समापन के बाद एक छोटे ब्रेक पर चली गई थी। कप्तान सलीमा टेटे और उप कप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन को कड़ी चुनौती दी।

मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रगति पर कहा हमने हाल ही में प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए एंटवर्प और लंदन की यात्रा की, और हालांकि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं थे, लेकिन हमने एक टीम के रूप में बहुत कुछ सीखा। कई मौकों पर, हम आगे चल रहे थे, और हमने बराबरी का प्रयास करते हुए लगातार गोल करने की कोशिश की। पुनर्निर्माण के शुरूआती चरणों में ये अच्छे संकेत हैं, और मुझे यकीन है कि भारतीय महिला हॉकी टीम भविष्य में एक ताकत होगी।

### 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम :-

**गोलकीपर :** सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो

**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति।

**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे, मरीना लालरामंगकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, अजमीना कुजूर।

**फॉरवर्ड :** सुनिलिता टोप्पो, मुमताज खान, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रुतुजा दादासो पिसल।

### अब कोच की भूमिका में नजर आएगें पोंटिंग

मुम्बई। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड अब अमेरिकी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र में खेलेंगे। अब सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। इसी का लाभ उठाते हुए हेड ने अमेरिकी लीग में खेलने का फैसला किया है। हेड का कहना है कि वह मेजर लीग में वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलेंगे। हेड के अलावा इसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ फ्रीडम भी खेलेंगे। टीम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग रहेंगे। पोंटिंग को इस लीग के लिए ग्रेग शिपर्ड की जगह कोच बनाया गया है। फ्रीडम की ओर से न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी खेलेंगे। टीम ने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन जैसे दो विदेशी खिलाड़ियों को भी रखा है। इस लीग में एडम जम्पा लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, स्पेंसर जॉनसन नाइट राइडर्स और टिम डेविड एमआई न्यूयार्क भी खेलेंगे। शामिल हो गए हैं।

## ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से सात जुलाई को पेरिस रवाना होंगी चानू

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारोत्तोलक मीराबाई चानू की नजरें अब आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों पर लगी हुई हैं। चानू ने पिछली बार टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था और इस बार उनका लक्ष्य स्वर्ण जीतना रहेगा। इसी कारण हालत से तालमेल बिठाने के साथ ही अभ्यास के लिए सात जुलाई को पेरिस जा रही है। वह वहां एक महीने तक अभ्यास करेंगे। ओलंपिक में उनका मुकाबला सात अगस्त को होगा।

चानू ने कहा कि वह इन खेलों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। वह ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की अकेली भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए अपनी फिटनेस बनाये रखने पर ध्यान दे रही हैं।

इस खिलाड़ी ने कहा पेरिस को लेकर उत्साहित हूं हालांकि थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल टोतोक्यो ओलंपिक के बाद हालात बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है पर अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं।

चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का रहा है। वह चोटों के साथ ही पीठ की समस्या के बाद भी इन खेलों की तैयारी करती रही हैं। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिसके कारण वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है। मीराबाई ने कहा मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 फीसदी फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, ह्यइस बारे में कुछ कहना कठिन पर मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर प्रयास करना रहेगा।

### जसप्रीत ने की रोहित शर्मा की तारीफ

**नई दिल्ली।** भारतीय के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनके नेतृत्व में खेलकर खुश हैं। मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 में रोहित शर्मा इस समय टूर्नामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने सात मैचों में 155.97 की स्ट्राइक रेट से 248 रन बनाए। आईसीसी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए गए एक वीडियो में बुमराह ने कहा कि भारतीय कप्तान ने अपने खिलाड़ियों को काफी आजादी दी। बुमराह ने कहा रोहित शर्मा बिल्कुल शानदार रहे हैं। यहां तक कि पिछले विश्व कप में भी, आप जानते हैं कि वह सक्रिय रहे हैं, वह अपने खिलाड़ियों को काफी आजादी देते हैं, वह खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करने देते हैं। जब उन्हें सही समय लगता है, तो वह मैच के दौरान अपना अनुभव साझा करते हैं। तो हां, यह वास्तव में बहुत अच्छा लगता है और मैं उनके नेतृत्व में खेलकर बहुत खुश हूं और समूह का आत्मविश्वास भी बहुत ऊंचा है। इससे पहले, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि वह भारतीय कप्तान को उनकी बल्लेबाजी और नेतृत्व क्षमता के लिए बहुत लंबे समय से पसंद करते हैं। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि रोहित शर्मा मखमली दस्ताने में लोहे की मुट्ठी की तरह हैं।

## सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बनी शेफाली वर्मा



**चेन्नई। एजेंसी**

भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बन गई। शेफाली ने ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए यह रिकार्ड बनाया है। 20 साल की शैफाली ने सिर्फ 194 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर सदरलैंड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 248 गेंदों पर दोहरा शतक बनाया था। मिताली ने अगस्त 2002 में टॉनटन में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट के दौरान 407 गेंदों पर 214 रन बनाए थे। शेफाली ने अपनी आक्रामक पारी में 23 चौके और आठ छक्के जड़े। उन्होंने डेलमी टकर के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाने के बाद एक रन चुराकर अपना दोहरा शतक पूरा किया।

वह 197 गेंद में 205 रन बनाकर रन आउट हुई। शेफाली को सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 161 गेंद में 27 चौके और एक छक्का लगाया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 312 गेंद में रिकॉर्ड 292 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

### विश्व कप फाइनल में मैदानी अंपायर होंगे क्रिस्टोफर गैफनी और रिचर्ड इलिंगवर्थ

**नई दिल्ली। एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप फाइनल के लिए शुक्रवार रात मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। क्रिस्टोफर गैफनी और रिचर्ड इलिंगवर्थ टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच होने वाले मुकाबले में मैदानी अंपायर होंगे। दक्षिण अफ्रीका त्रिनिदाद और टोबैगो में अफगानिस्तान पर नौ विकेट की जीत के साथ पहली बार फाइनल में पहुँचा और भारत ने गुयाना में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रिचर्ड केटलबोरो टीवी अंपायर होंगे और चौथे अंपायर रॉडनी टकर होंगे, जबकि रिची रिचर्डसन मैच रेफरी होंगे। यह मैच ब्रिजटाउन, बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा, जो 2010 के फाइनल के बाद दूसरी बार फाइनल की मेजबानी कर रहा है।

## गत चैम्पियन अल्कराज क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ करेंगे अभियान की शुरुआत

**लंदन। एजेंसी**



गत चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज विंबलडन में एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम के लिए शुक्रवार को ड्रॉ की घोषणा की गई। 21 वर्षीय अल्कराज ने पिछले साल फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को पांच सेटों के संघर्ष में हराकर खिताब जीता था। इस साल, वे पहली बार फ्रेंच ओपन में जीत हासिल कर एक और बड़ी ट्रॉफी के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब पहुँचे। दूसरी तरफ लाजल को अभी तक ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ का कोई अनुभव नहीं है, उन्होंने तीसरे क्वालिफि केशन राउंड में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को हराकर टूनार्मेंट में प्रवेश किया है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच का सामना पहले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से होगा, जबकि इटली के विश्व नंबर 1 जननिक सिनर का सामना जर्मन दिग्गज यानिक हनफमैन से होगा।

32वें वरीयता प्राप्त चीन के झांग झिझेन का पहले दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर मैक्सिम जांवियर से मुकाबला होगा, जबकि उनके हमवतन शांग जुनचेंग का सामना चिली के पूर्व विश्व शीर्ष 20 खिलाड़ी क्रिस्टियन गारिन से होगा। महिला एकल में, पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और विश्व की नंबर 1 पोलैंड की इगा स्विएटेक को अपने पहले मैच में पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सोफिया केनिन से कड़ी चुनौती मिल सकती है। गत चैंपियन माकेर्टा वोंद्रोसोवा की पहली प्रतिद्वंद्वी स्पेन की जेसिका मानेरो हैं, जबकि दो बार की उपविजेता ट्यूनीशिया की ओन्स जबूर को जापान की मोयुका उचिजिमा से खेलना है।

चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन का सामना न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लुलु सन से होगा। विंबलडन में झेंग का सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2022 में तीसरे दौर में समाप्त होना था। 2022 में पेशेवर बनने के बाद से चीनी खिलाड़ी ने तेजी से प्रगति की है।

## वाणिज्य

# भारतीय रुपया को सबसे अस्थिर मुद्राओं से सबसे स्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाने लगा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय मुद्रा रुपया एक दशक पहले तक एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाता था। लेकिन, अब रुपया को सबसे स्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाने लगा है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। ये भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, प्रभावी नीतिगत सुधार और विदेशी मुद्रा भंडार के रणनीतिक प्रबंधन को दशार्ता है।

आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि 2010 के दशक की शुरूआत में भारत में महंगाई आसमान छू रही थी, महंगाई दर बढ़कर करीब 10 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। वैश्विक वित्तीय संकट के बीच सरकार द्वारा भारी-भरकम खर्च से स्थिति ज्यादा बदतर हो गई थी। लेकिन वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की सत्ता संभालने के बाद अब तक भारत में आर्थिक विकास पहले से काफी बेहतर हुई है।

इसके साथ ही भारत ने कई अन्य देशों को पछाड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जो अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता में आई नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई राजनीतिक स्थिरता ने भी विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया है। केंद्र सरकार द्वारा आरबीआई को महंगाई का लक्ष्य तय करने का काम सौंपने और बजट घाटे को कम करने सहित देश में आर्थिक सुधारों को निरंतर लागू करने से भारतीय अर्थव्यवस्था काफी मजबूत हो गई है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था 8 फीसदी की दर से बढ़ी है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे बड़े विदेशी मुद्रा भंडारों में शामिल है। आरबीआई रणनीतिक तरीका अपनाते हुए रुपये के मजबूत होने पर डॉलर खरीदता रहा है और रुपये के कमजोर होने पर इसे बेचता रहा है। इस उपाय से रुपये के मूल्य में व्यापक उतार-चढ़ाव को सुचारु करने में मदद मिलती है, जिससे इसकी स्थिरता में काफी योगदान मिलता है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 जून को समाप्त हफ्ते में 81.6 करोड़ डॉलर से बढ़कर 653.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि 7 जून, 2024 को समाप्त हफ्ते में यह 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर था।

### रुपये के अंतरराष्ट्रीय उपयोग को बढ़ावा दे रहा भारत

भारत अपनी मुद्रा रुपये को मजबूत बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय उपयोग, विशेषकर व्यापार बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। रुपये की वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने से इसके मूल्य में और स्थिरता आ सकती है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भविष्य के प्रवाह को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के उद्देश्य से विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के लिए अपने उपकरणों को उन्नत कर रहा है। हालांकि, अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 83.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा निवेश के बीच रुपये में तेजी रही है। इस तरह भारतीय रुपया का एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं की बजाय सबसे स्थिर मुद्राओं में शामिल हो जाना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

जीतन राम मांझी ने केवीआईसी संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की

## मांझी ने खादी कारीगरों को समर्थन देने वाली योजनाओं को व्यापक बनाने पर दिया बल

**नई दिल्ली। एजेंसी**



केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को बढ़ावा देने और खादी कारीगरों को समर्थन देने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन पर केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से प्रयासों को गहन और व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने यहां केवीआईसी द्वारा देश में खादी एवं ग्रामोद्योग (केवीआई) क्षेत्र के विकास के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा की। इस अवसर पर एमएसएमई राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे, केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार के अलावा एमएसएमई मंत्रालय और केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग देश में खादी और ग्रामोद्योग से संबंधित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाली एक शीर्ष संस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य ₹ग्रामीण इलाकों में खादी एवं ग्रामोद्योगों की स्थापना और विकास करने के लिए योजना बनाना, प्रचार करना, सुविधाएं और सहायता प्रदान करना है।

# सीएम आनलाइन करेंगे 65 लाख से अधिक किसानों को 650 करोड़ रुपये ट्रांसफर

चमकता राजस्थान

जयपुर। सहकारिता मंत्री गोतम कुमार दक ने शनिवार को बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राजस्थान के किसानों के लिये मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ करेंगे। टोंक के कृषि उपज मण्डी प्रांगण में 30 जून को राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में 650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सीधा उनके बैंक खातों में हस्तान्तरण किया जायेगा।
उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं किसानों की कृषि संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये किसानों को प्रतिवर्ष 2000 रुपये की अतिरिक्त राशि देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 65 लाख से अधिक पात्र लाभार्थी किसानों को इसका फायदा मिलेगा। दक ने बताया कि किसानों को प्रथम किश्त के रूप में एक हजार रूपये तथा दूसरी व तीसरी किश्त के रूप में 500-500 रुपये उनके खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किष्त के साथ हस्तान्तरित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश का किसान अब सम्मान के साथ कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरी कर पायेगा।

### 21 सोसायटियों पर मिलेगी कस्टम हायरिंग सेंटर की सुविधा

» सहकारिता मंत्री ने बताया कि प्रदेश में किसानों को ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किराये पर उच्च तकनीक से युक्त कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के लिये कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राज्य स्तरीय समारोह में 21 कस्टम हायरिंग सेंटर्स की सौगात देंगे। कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने के लिये प्रत्येक ग्राम सेवा सहकारी समिति को 8 लाख रुपये का अनुदान दिया जायेगा।

### 51 महिला ग्राम सेवा सहकारी समितियों को 3-3 लाख रुपये की हिस्सा राशि

» दक ने बताया कि मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिये प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में राज्य सरकार प्रदेष में 51 महिला ग्राम सेवा सहकारी समितियों को 3–3 लाख रुपये की हिस्सा राशि का हस्तान्तरण करेगी। उन्होंने बताया कि महिला सहकारी समितियों का संचालन एवं प्रबंधन महिलाओं द्वारा ही किया जायेगा। इन समितियों के गठन से महिलाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होगा तथा अपने विकास और कल्याण के लिये स्वयं निर्णय कर सकेंगी।

### ● प्रदेश में एक साथ किसानों को मिलेगा 350 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण

सहकारिता मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने किसानों को अधिक अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध कराने के लिये 1000 करोड रुपये की वृद्धि कर 23 हजार करोड रुपये का ऋण वितरण का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा 30 जून को रिकर्ड 350 करोड रुपये का ऋण वितरण किया जायेगा। प्रदेश किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार तेजी से ऋण वितरण किया जा रहा है। अब तक 25 लाख से अधिक किसानों को 10 हजार करोड रुपये का ऋण दिया जा चुका है। दक ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तर और ग्राम सेवा सहकारी समितियों के स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें भाग लेने वाले वाले चयनित किसानों से मुख्यमंत्री संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कन्हैया लाल चौधरी, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री, किरोडी लाल मीणा, कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री, हीरा लाल नागर, उर्जा मंत्री सहित सहकारिता से जुडे सहकारजन एवं किसान उपस्थित रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### देवनानी से उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की मुलाकात



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शनिवार को यहां राजकीय निवास पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुलाकात की। स्पीकर देवनानी से उपमुख्यमंत्री की इस शिष्टाचार भेंट के दौरान 16वीं विधानसभा के द्वितीय सत्र में प्रस्तुत किए जाने वाले बजट से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई।

### दीया कुमारी ने की कथा वाचक जया किशोरी से मुलाक़ात



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रसिद्ध कथा वाचक जया किशोरी से सिटी पैलेस में मुलाक़ात की !

### मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का 30 जून, 2024 को होगा शुभारंभ

● राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगा जिला स्तरीय समारोह




**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 29 जून।** मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ रविवार, 30 जून 2024 को माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा टोंक में किया जाएगा। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समारोह का आयोजन होगा।मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत बजट घोषणा की अनुपालना में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभांवित (8 हजार रुपये वार्षिक) होने वाले किसानों को राज्य सरकार द्वारा 2 हजार रुपये वार्षिक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु नोडल विभाग सहकारिता विभाग बनाया गया है।योजना के तहत पात्र किसानों को सम्मान निधि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। योजना के तहत अतिरिक्त राशि की प्रथम किश्त एक हजार रुपये एवं 500-500 रुपये की दो किश्तें जारी की जाएगी।

## रोटरी क्लब जयपुर क्राउन ने संस्कृत स्कूल में करवाए विकास कार्य

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण



चमकता राजस्थान

जयपुर। रोटरी क्लब जयपुर क्राऊन द्वारा मानसरोवर, मीरा मार्ग पर स्थित राजकीय संस्कृत विद्यालय को गोद लिया है। रोटरी क्लब ने विद्यालय की जरूरत के अनुसार निर्माण कार्य किये है।
शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को राजकीय संस्कृत विद्यालय में रोटरी क्लब जयपुर क्राऊन द्वारा किए गए विकास कार्यों का अवलोकन करके उनका लोकार्पण किया।
इस अवसर पर संस्कृत सचिव श्रीमती पूनम व संस्कृत कमिश्नर विजय पाल सिंह शेखावत उपस्थित रहे। क्लब पदाधिकारियों व स्कूल स्टाफ की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। रोटरी क्लब जयपुर क्राऊन की अध्यक्ष रीना गुप्ता, सचिव निखिल महेश्वरी, पार्षद मुकेश लखवानी एवं क्लब के गणमान्य सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षा मंत्री दिलावर सिंह ने 11 पौधों के पौधारोपण से की। आगामी 8 अगस्त को प्रस्तावित पर्यावरण बचाओ अभियान में 8 करोड़ पौधारोपण करने के संकल्प में रोटरी क्लब जयपुर क्राऊन ने भी अपनी भागीदारी का संकल्प किया। शिक्षा मंत्री ने रोटरी क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए सामाजिक संस्थाओं और लोगों से अधिकाधिक पौधे लगाने, गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का आ''ान किया। क्लब प्रेसिडेंट रोटेरियन रीना गुप्ता ने क्लब के सामाजिक कार्यों से अवगत कराते हुए बताया कि
रोटरी क्लब जयपुर क्राऊन द्वारा उक्त विद्यालय में प्रथम चरण में महिलाओं व पुरुषों चार चार टॉयलेट्स तैयार किए हैं । साथ ही एक पानी का टैंक व ओवरहेड पीने के पानी की 2 टंकियां रखवाई गई हैं । विद्यार्थियों और शिक्षक वर्ग की सुविधा के लिए एक वाटर कूलर भी लगाया गया है। रोटरी क्लब जयपुर क्राऊन की ओर से 25 से 30 लाख तक के कार्य आगामी समय में करेगा। कार्यक्रम के अंत में रोटेरियन निखिल महेश्वरी ने शिक्षा मंत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### विद्युत उपभोक्ता व आमजन से अपील

## बारिश के मौसम में बरते सावधानी

### बिजली आपूर्ति में व्यवधान व अन्य शिकायतों को डिस्कॉम के कॉल सेन्टर पर दर्ज करवाएं

चमकता राजस्थान

जयपुर। बारिश के मौसम में विद्युत आपूर्ति में व्यवधान होने व अन्य तकनीकी फाल्ट होने पर विद्युत उपभोक्ता व आमजन को स्वयं के स्तर पर विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ का प्रयास नही करना चाहिए बल्कि अपनी शिकायतों को डिस्कॉम के कॉल सेन्टर या अन्य उपलब्ध करवाए गए ऑन लाइन माध्यम पर शिकायत दर्ज करवानी चाहिए। विद्युत उपभोक्ता व आमजन कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखते हुए सावधानी बरतें तो बरसात के दौरान होने वाले विद्युत जनित हादसों से होने वाली जान-माल की हानि को टाला जा सकता है।

#### ● प्रमुख सावधानियां

बिजली के खम्भे, वितरण बॉक्स, अर्थिंग वायर, बिजली लाइन एवं ट्रांसफार्मर से छेड़छाड़ का प्रयास नही करना चाहिए। कहीं पर भी चिंगारी उठ रही हो, कोई तार टूट जाए, किसी पोल या अर्थिंग सेट में करंट आ रहा हो तो, तुरन्त टोल फ्री नम्बर, सम्बन्धित अभियन्ता या जीएसएस को सूचना दें और स्वयं हाथ बिल्कुल नही लगायें और किसी दूसरे व्यक्ति को भी ऐसा नही करनें दें।
बिजली के खम्भों से पशुओं को न बांधें व बिजली की लाइनां के नीचे कोई भी वाहन खड़ा करने से बचें। बिजली के खम्भे या स्टै-वायर से डोरी बांधकर कपड़े सुखाने के काम में नही लेना चाहिए। पशुओं के तबेलों के आसपास बिजली आपूर्ति हेतु वायरिंग खुली नही हो एवं वायरिंग पीवीसी पाईप में उचित तरीके से स्थापित की गई हो। हार्वेस्टर मशीन, जेसीबी मशीन, बोरवेल मशीन, भूसा गाड़ी, ट्रेक्टर, ट्रक, बसों की छत पर बैठे व्यक्ति ऊपर से गुजर रही 33/11/एलटी लाईन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, इसके लिये उन्हें सड़क से गुजरते समय विद्युत लाइनों के प्रति विशेष सतर्क रहना चाहिये।
घर में ईएलसीबी स्विच जरूर लगवाएं, जिससें घर के बिजली तंत्र में गड़बड़ी होने पर बिजली आपूर्ति स्वतः ही बंद हो जाएगी और हानि को टाला जा सकेगा। बिजली फिटिंग के साथ ही अर्थ वायर डाला जाना व समूचे तंत्र को घर के बाहर उपयुक्त अर्थ कर जोड़ना चाहिये और उसकी समय-समय पर जाचं कराते रहना चाहिये।
यह भी ध्यान रखें कि छत पर या आसपास से गुजरती हुई बिजली की लाईन से छेडछाड़ की कोशिश नहीं करनी चाहिये अपितु बिजली लाईन से पर्याप्त दूरी बनाए रहना चाहिये।

#### स्वयं के स्तर पर विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ का प्रयास नही करे

#### ● यहां दर्ज करवाएं शिकायत

**जयपुर डिस्कॉम** – टोल फ्री नंबर 18001806507, टेलिफोन नम्बर 0141-2203000 एवं आईवीआरएस 1912 पर एवं मोबाइल नम्बर 9414037085 पर अपना सम्पूर्ण पता मय बिल में अंकित 12 अंको का के-नम्बर टाईप कर शिकायत मैसेज एवं वाट्सएप द्वारा भी दर्ज करवा सकते है।
**अजमेर डिस्कॉम** – अजमेर डिस्कॉम क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को केन्द्रीकृत कॉल सेंटर के टोल फ्री नम्बर 18001806565 पर शिकायत दर्ज करवाने की सुविधा उपलब्ध है।
**जोधपुर डिस्कॉम** – जोधपुर डिस्कॉम क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को केन्द्रीकृत कॉल सेंटर के टोल फ्री नम्बर 18001806045 पर शिकायत दर्ज करवाने की सुविधा उपलब्ध है।

# विधानसभा सत्र में जनहित के मुद्दों पर भाजपा सरकार से मांगा जायेगा ज़वाब : डोटासरा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि 3 जुलाई, से विधानसभा का बजट सत्र प्रारम्भ हो रहा है, किन्तु भाजपा सरकार के छः माह के कार्यकाल का आंकलन निराशा उत्पन्न करने वाला है। उन्होंने कहा कि अब तक के कार्यकाल से परिलक्षित होता है कि बजट में जनकल्याणकारी योजनाओं का अभाव रहने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि अब तक सरकार केवल पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा में ही समय व्यतीत करती रही तथा योजनाओं का बंद करने, योजनाओं को सीमित करने, जॉच कराने व जिलों को खत्म करने के बयान भाजपा सरकार के मंत्रियों द्वारा दिये जाते रहे हैं, कोई भी कार्य जो जनहित में हो, छः माह में भाजपा की सरकार ने नहीं किया।
डोटासरा ने कहा कि भाजपा की सरकार पूर्ववर्ती सरकार द्वारा किये गये कार्यों को स्वयं का बताकर पीठ थपथपाने का कार्य कर रही है और बड़े-बड़े विज्ञापन देकर राजस्थान सरकार के राजस्व को हानि पहुॅचा रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि पिछले दिनों झुन्झुनूं में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जो पेंशन की राशि जारी की उसके लिये राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कानून बनाकर न्यूनतम पेंशन एक हजार रूपये देने और प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी करने का प्रावधान किया था। कानूनी रूप से सरकार को प्रतिवर्ष पेंशन राशि बढ़ाकर देना आवश्यक है, इसका श्रेय कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार को है लेकिन मुख्यमंत्री पेंशन बढ़ाकर देने का श्रेय लेने का प्रयास कर जनता को भ्रमित करना चाहते हैं। उन्होंने




कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार ने अब तक युवाओं के लिये एक भी भर्ती की विज्ञप्ति नहीं निकाली है, किन्तु पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा निकाली गई भर्तियां जिनकी परीक्षा और प्रक्रिया भी कांग्रेस सरकार ने ही सम्पन्न करवा दी थी, उन्हें नियुक्ति पत्र देकर वाहवाही बटोर रही हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि राजस्थान सरकार की सोच के केन्द्र में युवाओं के लिये रोजगार उपलब्ध कराना है ही नहीं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने का कानूनी प्रावधान है किन्तु राजस्थान की भाजपा सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना प्रारम्भ नहीं किया, जबकि इस मद में 50 करोड़ रूपये उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अविलम्ब इस राशि का उपयोग युवा बेरोजगारों को भत्ता देने हेतु करना चाहिये।
उन्होंने कहा कि राजस्थान में विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में गेहूँ की खरीद पर एमएसपी पर बोनस देते हुये 2700 रूपये प्रदान करने का वादा किया था, किन्तु राजस्थान में सरकार बनने के पश्चात भाजपा सरकार ने मात्र 150 रूपये का बोनस दिया और 2700 रूपये में खरीद का वादा नहीं निभाया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की वर्तमान सरकार का प्रदेश के विकास के लिये कोई वीजन नहीं है, ऐसा प्रतीत होता है कि केवल सरकार चलाने की रस्म अदायगी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री यमुना जल राजस्थान में लाने की बात बार-बार दोहरा रहे हैं किन्तु इस हेतु ना तो कोई कार्य प्रारम्भ हुआ अथवा सरकार ने पड़ौसी राज्य से क्या समझौता किया है, इसकी भी जानकारी प्रदेशवासियों को नहीं मिली। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार मानवीय मूल्यों को ताक पर रखकर राजस्थान में गरीबों का पुनर्वास की योजना बनाये बगैर राजधानी में निर्माण ध्वस्त करने में व्यस्त है जबकि प्रभावित लोग जो 25-30 वर्ष से उन स्थानों पर निवास कर रहे थे अथवा व्यापार कर रहे थे उन्होंने कहा कि राजस्थान में रीट पेपर के मुद्दे को भाजपा के समस्त नेता जोर-शोर से उठाते थे, जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पेपर लीक होने पर पुनः परीक्षा करवाकर अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी थी, किन्तु भाजपा के नेता नीट का पेपर लीक होने पर देशभर के 24 लाख छात्रों के भविष्य पर कुठाराघात होने के बावजूद चुप्पी लगाये हुये बैठें हैं, यह कृत्य उनके वास्तविक चरित्र को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में जनहित के मुद्दों पर राजस्थान की भाजपा सरकार से जवाब मांगा जायेगा।

### पटवारी जगदीश प्रसाद थेबड की सेवानिवृत्ति पर गर्मजोशी से हुआ जोरदार सम्मान



**चमकता राजस्थान। नीमकाथाना( नि.सं.)**नीमकाथाना जिले के सिरोही कस्बे में शनिवार को समाजसेवी जगदीश प्रसाद थेबड पटवारी की सेवानिवृत्ति पर उनका फूल मालाओं से जोरदार सम्मान किया गया ' शेखावाटी परंपरा के अनुसार चुनरी का साफा वह फूल माला पहनकर पटवारी जगदीश प्रसाद थेबड का लोगों ने जोरदार स्वागत किया ' पटवारी जगदीश प्रसाद थेबड ने समाज सेवा का संकल्प लेते हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया ' इस अवसर पर पटवारी जगदीश प्रसाद थेबड ने समाज सेवा का संकल्प लेते हुए पर्यावरण सुधारने के लिए आम जन से मधुर संबंध रखकर ईमानदारी से कर्तव्य का आमजन के साथ मिलकर काम किया जाएगा ' इस दौरान राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मदनलाल भावरिया ने कहा कि नेताओं का सम्मान विजय होने पर व कर्मचारियों का सम्मान सेवानिवृत्ति पर ही होता है ' , इस दौरान नीमकाथाना वीर तेजाजी छात्रावास के अध्यक्ष जगदीश जाखड़ ,दयाराम चाहर, समाजसेवी मदनलाल भावरिया, भगवान राम लाठर, बनवारी लाल ,बालचंद ल लाबा संचालक कृष्णा कॉलेज कांवट,सिरोही सरपंच जेपी कस्वा, जयपाल थेबड, बालू राम यादव, बंशीधर यादव ,रामनारायण, दलराम लोचिब सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे '

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929